दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.MPHIN/2003/10309



# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-290 | सीहोर, शनिवार 11 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## युवाओं की प्रगति के लिए राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाने को तत्पर : मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

**पीएससी अंतर्गत तीन वर्ष के पद एक ही वर्ष में भरे जाएंगे, परीक्षाएं होंगी अलग-अलग**

**युवा दिवस पर लाड़ली बहनों के खातों में होगी जनवरी माह की राशि अंतरित**

भोपाल,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा आरंभ की गई है। युवा अपने सपनों को साकार करें, जीवन में आगे बढ़ें, प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाएं, इस उद्देश्य से राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर है। युवाओं के जीवन में एक नया सूर्य ऊगे, वे अपने जीवन को आलौकिक करें, अपनी ऊर्जा का समाज हित में उपयोग करें, युवा दिवस के संदर्भ में युवाओं से यही अपील है। इसी क्रम में राज्य सरकार 12 जनवरी से प्रदेश में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का क्रियान्वयन भी आरंभ कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा



दिवस के अवसर पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को जनवरी माह की अनुदान राशि का अंतरण कालापीपल जिला शाजापुर से किया जाएगा। युवाओं को उन्नति और प्रगति के सभी अवसर प्राप्त हों इस उद्देश्य से राज्य सरकार बहुआयामी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बैकलॉग के पदों को भरने जा रही है। पीएससी के अंतर्गत गत तीन वर्ष के जो पद हैं, उनको ही एक ही वर्ष में तीन अलग-अलग परीक्षा कराकर भरने का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का मुख्य आधार प्रदेश की युवा शक्ति है। युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के अवसर प्राप्त हों, इस उद्देश्य से कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में आरंभ हुए रीवा, उज्जैन सहित अन्य आई.टी. पार्कों के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के परिणामस्वरूप रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि के साथ ही शासकीय विभागों में भर्ती की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज आरंभ किए गए हैं।



*असम के नागांव जिले में राहा के पास माघ बिहू त्यौहार से पहले "प्रकृति जागरूकता" थीम वाली "भेलाघर" नामक एक अस्थायी झोपड़ी के सामने सेल्फी लेती लड़कियां।*

## सुप्रीम कोर्ट ने 'ऑनलाइन गेमिंग' सेक्टर को दी राहत, जीएसटी नोटिस पर लगाई रोक

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को जारी किए गए 1.12 लाख करोड़ रुपये के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 'कारण बताओ नोटिस' पर रोक लगा दी, जिससे इस सेक्टर को अस्थायी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने मामले के अंतिम निपटारे तक डीजीजीआई द्वारा जारी सभी 'कारण बताओ नोटिस' के संबंध में आगे की सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। मामले की अंतिम सुनवाई 18 मार्च को तय की गई है। फैसले के बाद, स्टॉक एक्सचेंजों पर इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान डेल्टा कॉर्प और नाजारा टेक जैसी गेमिंग कंपनियों के शेयरों में 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) के



सीईओ अनुराग सक्सेना ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई राहत का स्वागत किया। सक्सेना ने कहा, यह सरकार और गेमिंग ऑपरेटर्स दोनों के लिए फायदेमंद है। गेमिंग ऑपरेटर्स के लिए जो जबरदस्ती की कार्रवाई का सामना कर रहे थे और सरकार के लिए जिसकी समयसीमा अब बढ़ाई जा सकती है। हम इस मुद्दे के निष्पक्ष और प्रगतिशील समाधान को लेकर आश्वस्त हैं, जिसके बाद हम गेमिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और वैल्यूएशन को अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ते देखेंगे। डीजीजीआई ने 2023 में गेमिंग कंपनियों को 71 नोटिस भेजे, जिसमें उन पर 2022-23 और 2023-24 के पहले सात महीनों के दौरान 1.12 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी की चोरी करने का आरोप लगाया गया, जिसमें ब्याज और जुर्माना शामिल नहीं है। जीएसटी अधिनियम की धारा 74 के तहत नोटिस जारी किए गए थे, जो विभाग को कर मांग के 100 प्रतिशत तक का जुर्माना लगाने की अनुमति देता है ।

### दिल्ली चुनाव में आप व कांग्रेस दोनों का सूपड़ा होगा साफ़ : जयराम

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि दिल्ली में इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का इस विधानसभा चुनाव में सुपड़ा साफ हो जाएगा। ठाकुर ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि झूठ के हाथ पांव नहीं होते हैं और यह बहुत जल्दी बेनकाब हो जाता है। कांग्रेस और आप का विकास और गरीब विरोधी चेहरा पूरी तरीके से बेनकाब हो चुका है। इसलिए वे दिल्ली में चाहे जितने झूठ बोल लें या चाहे जितनी कसमें खा ले एक भी दिल्ली वासी अब आप और कांग्रेस की बातों पर ऐतबार नहीं करेगा।

## प्रदेश में बढ़ी ठंड मौसम विभाग ने जताई बारिश की आंशका



भोपाल (आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान पर प्रेरित चक्रवात बन गया है। इसके चलते हवाओं का रुख पूर्वी हो गया है। इससे रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है।मौसम विज्ञानियों के अनुसार हवाओं के साथ नमी आने के कारण शनिवार को प्रदेश में आंशिक बादल छा सकते हैं। साथ ही ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। उधर, शुक्रवार को प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में रात का सबसे कम 2.8 डिग्री सेल्सियस तापमान शहडोल के कल्याणपुर में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 2.3 डिग्री सेल्सियस पर रहा।शहडोल एवं मंडला में शीतलहर का प्रभाव रहा। 25 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। भिंड, मुरैना एवं ग्वालियर में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। ग्वालियर एयरपोर्ट में दृश्यता शून्य पर पहुंच गई थी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं का रुख बदलने से फिलहाल कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण अभी दो-तीन दिन तक आंशिक बादल भी बने रह सकते हैं।

### अमृतसर के गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट, बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी; 47 दिनों में नौवीं घटना

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में स्थित गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है, वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह धमाका गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है।एसीपी शिव दर्शन ने बताया कि गुमटाला चौकी इंचार्ज ने विस्फोट की आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने बाहर जाकर देखा तो पता चला कि गुमटाला चौकी के बाहर खड़ी पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ब्लास्ट हुआ है, जब उसे चेक किया गया तो पता चला कि उसका रेडिएटर फटा था। इससे अंदाजा लगाया गया कि धमाके की असल वजह यही है।

एसीपी शिव दर्शन सिंह ने कहा कि ब्लास्ट से संबंधित कुछ अफवाहें सोशल मीडिया पर झूठी फैलाई जा रही है कि थाने के बाहर धमाका हुआ है। हालांकि, ये ब्लास्ट गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है, धमाका ज्यादा जोरदार नहीं था और जानमाल का भी नुकसान नहीं हुआ है। धमाका रात साढ़े नौ बजे के करीब हुआ था। उन्होंने लोगों से अफवाह नहीं फैलाने की भी अपील की है।बता दें कि गुमटाला पुलिस चौकी के पास ही आर्मी कैंट इलाका भी पड़ता है। इसके अलावा चौकी से कुछ मीटर दूरी पर कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला का आवास भी है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केजरीवाल को क्यों लग रहा डर, 1 करोड़ 55 लाख वोटर करेंगे वोट : अलका लांबा

नई दिल्ली (आरएनएस)। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक करोड़ 55 लाख वोटर वोट करेंगे। केजरीवाल को इतना डर क्यों लग रहा है। अलका लांबा केजरीवाल के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिसमें केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि नई दिल्ली विधानसभा में साजिश के तहत भाजपा वोट कटवा रही है।



दिल्ली में कांग्रेस के कमजोर होने के केजरीवाल के बयान पर कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, देखिए हर क्षेत्रीय दल दूसरे क्षेत्रीय दल की जमीन बचाने की मदद कर रहा है। इंडिया ब्लॉक का गठबंधन राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों के लिए हुआ था। दिल्ली में हम लोग आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़े। हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। दिल्ली के लोगों में काफी नाराजगी है। पंजाब में हम लोग अकेले लड़े। सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरे। दिल्ली में हम मजबूती के साथ सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और जीतेंगे। राहुल गांधी कांग्रेस के सांसदों के साथ संसद में विपक्ष के नेता बनकर भाजपा का सामना कर रहे हैं।

केजरीवाल के समर्थन में जो दल दिल्ली आ रहे हैं, दिल्ली की जनता उन्हें देख रही है और समझ रही है। दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि किसे वोट करना है और किसे सत्ता में लाना है।

## सीएम योगी ने किया मां की रसोई का उद्घाटन, मात्र 9 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन



महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संस्थान की ओर से शुरू की गई इस सेवा पर प्रसन्नता जाहिर की और खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता के साथ ही सुविधाओं की भी सराहना की। उन्होंने थाली परोसकर सेवा भी की और मां की रसोई के किचन का भी अवलोकन किया।

प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सीएम योगी स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद सीएम डाइनिंग रूम में भी पहुंचे, जहां लोगों को बैठाकर खाना खिलाने का प्रबंध किया गया है। यहां मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से थाली लगाकर वहां उपस्थित लोगों की सेवा की।

इसके बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी उन्हें लेकर सीधे किचन पहुंचे, जहां खाना तैयार किया जाता है। यहां उन्होंने खाने की गुणवत्ता से लेकर अन्य सभी प्रबंधों के विषय में सीएम योगी को जानकारी दी।

सीएम योगी ने रसोई का निरीक्षण करते हुए वहां साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सेवा भाव से शुरू की गई इस रसोई की सीएम योगी ने प्रशंसा की। इस दौरान पूरे प्रांगण में जय श्री राम का उद्घोष भी होता रहा।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए नंदी सेवा संस्थान द्वारा यह सेवा शुरू की गई है। इसमें मात्र 9 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन मिलेगा। थाली में दाल, 4 रोटी, सब्जी, चावल, सलाद और मिठाई दी जाएगी।




### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी, एम्स में करवाया भर्ती; सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

*नई दिल्ली (आरएनएस)। अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।*



## अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल सबसे बड़े धोखेबाज : गिरिराज सिंह

बेगुसराय (आरएनएस)। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल खुद धोखेबाज हैं, उनसे बड़ा फर्जी कौन हो सकता है जिसने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। दरअसल, केजरीवाल द्वारा बिहार और यूपी के लोगों को फर्जी वोटर कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी।

गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जिन्हें फर्जी वोटर बता रहे हैं, उनके दम पर ही वह मुख्यमंत्री बने हैं। केजरीवाल ने इससे पहले भी पूर्वांचल के लोगों को गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा था कि यूपी-बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट लेकर यहां पर इलाज कराने के लिए आ जाते हैं। केजरीवाल जिस थाली में खाते हैं, उसमें छेद करते हैं। वह खुद फर्जी हैं। दिल्ली में अगर बिहार-यूपी के लोग आते हैं, तो उनका दिल्ली के विकास में योगदान है। जिसने अन्ना हजारे को नहीं बख्शा, वह दूसरों को फर्जी बता रहे हैं।बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 9 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स पर पोस्ट साझा किया। पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में चुनाव के नाम पर स्कैम हो रहा है। बीजेपी बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर रही है। स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने बीजेपी के सामने घुटने टेक दिए हैं।आज चुनाव आयोग से मिलकर शिकायत की है। अगर चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी।आम आदमी पार्टी के नेताओं का दावा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहते हैं।

### मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या, बेड के अंदर छुपाए गए शव

मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक भयावह वारदात सामने आई है। यहां पर एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। वहीं, कुछ शव बेड के अंदर छिपा दिए गए। यह घटना मेरठ के लिसाड़ी गेट के सोहेल गार्डन के पास की है। यहां पर घर के अंदर पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों की लाश मिली है। जानकारी के मुताबिक मृतक मोइन पेशे से राजमिस्त्री था। मोइन और उसकी पत्नी साथ के तीन बेटियों की मौत हो गई।

पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। हत्या की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और डॉग स्क्वॉड से हत्या के सुराग ढूंढने की कोशिश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में मोइन, उसकी पत्नी आसमा, तीन बच्चे अफ्सा (8), अजीजा (4), अदीबा (1) शामिल हैं। सभी के शव एक ही कमरे में मिले, साथ ही बच्चों की लाशों को बेड के अंदर छुपा दिया गया था।





# मकर संक्रांति पर्व महिला सशक्तिकरण पर होगा केन्द्रित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की युवा शक्ति मिशन, मकर संक्रांति, धान उपार्जन एवं जनकल्याण अभियान की समीक्षा

**-जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर बैठक के पहले करें विषय विशेष की समीक्षा**

**-शीत लहर के चलते कलेक्टर सुविधानुसार स्कूल समय में करें परिवर्तन**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित करते हुए आयोजित किया जाए। इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जनवरी माह की राशि का अंतरण शाजापुर के कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंगल क्लिक से किया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व जिला स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में महिलाओं को तिल, गुड़, कंगन और सुहाग सामग्री का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में जनकल्याण अभियान, मकर संक्रांति, धान उपार्जन और युवा दिसव कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, एस.एन मिश्रा, अनुपम राजन उपस्थित थे। अन्य




वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए कहा कि शीत लहर को देखते हुए कलेक्टर सुविधा के अनुसार स्कूल समय में परिवर्तन करना चाहें तो तुरंत करें। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अधिकारी, छात्रों और पालकों के साथ स्कूल ही नहीं कॉलेज स्तर पर भी समन्वय स्थापित करें। आगामी सिंहस्थ की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के अधिकारी प्रयागराज में महाकुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें और देखें कि सिंहस्थ के दौरान हमारे प्रदेश में व्यवस्थित संचालन में वे व्यवस्थाएं किस प्रकार प्रभावशील हो सकती हैं।

**मकर संक्रांति पर्व**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति पर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक स्थान पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि 12 जनवरी को शाजापुर के कालापीपल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहनों के खातों में जनवरी माह की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 12 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य जनकल्याण शिविरों में मकर संक्रांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**धान का परिवहन करें तुरंत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि मौसम के बदलते हालात को देखते हुए उपार्जित धान को गोदामों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए तुरंत उसका परिवहन करें। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जित धान के भुगतान के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें।

## नायब तहसीलदार के साथ साइबर फ्रॉड, जालसाज ने 2.64 लाख उड़ाए



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज में बुकिंग कराने के दौरान एक नायब तहसीलदार साइबर ठगी का शिकार हो गईं। गूगल पर सर्च किए गए फर्जी नंबर से संपर्क करने के बाद उन्होंने अपने पति, सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट के क्रेडिट कार्ड की जानकारी साझा की, जिससे जालसाज ने 2.64 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले की शिकायत थाने में की गई। एक सप्ताह की जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेश ठाकुर ने बताया कि अंकित दुबे सीआईएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हैं और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग छिंदवाड़ा जिले में है। उनकी पत्नी अनुकृति मिश्रा नायब तहसीलदार हैं और साइबर तहसील में पदस्थ हैं। वह रोहित नगर, शाहपुरा में परिवार के साथ रहती हैं।31 दिसंबर को उन्हें परिवार के साथ नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज जाना था। उनके पास होटल ताज का कोई संपर्क नंबर नहीं था, इसलिए उन्होंने गूगल के जरिए होटल का नंबर खोजा। पहले ही नंबर पर जो होटल ताज की वेबसाइट दिखी, उसे क्लिक करके उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि बहुत कम टिकट बचे हुए हैं और जल्द से जल्द बुकिंग करनी होगी। जब नायब तहसीलदार ने बुकिंग के तरीके के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि वे क्रेडिट कार्ड के जरिए भुगतान करेंगी। नायब तहसीलदार ने भुगतान के लिए अपने पति अंकित दुबे के क्रेडिट कार्ड की डिटेल कॉल करने वाले के साथ साझा कर दी। इसके बाद कॉल करने वाले ने एक ओटीपी भेजा, जो दुबे के मोबाइल पर आया। नायब तहसीलदार ने अपने पति को कॉल कर ओटीपी पूछा और वह ओटीपी कॉल करने वाले को बता दिया। भरोसा जीतने के लिए जालसाज ने पहले 102 रुपये भेजे।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सुभाष स्कूल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम अनुगूँज में दिव्यांग कलाकारों को प्रोत्साहित किया।

## वनवासी प्रकृति दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल

### विस्थापित परिजन से की मुलाकात



भोपाल (निप्र)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर जिले के रानी दुर्गावती (नौरादेही) अभ्यारण्य ग्राम पंचायत ढाना-झिलपनी में वनवासी प्रकृति दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विस्थापित परिजनों से मुलाकात की। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि दूरस्थ वनांचल स्थित ग्राम ढाना आने का मौका मिला है। झिलपनी में 292 परिवार एवं ढाना में 219 परिवार निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिवारों का विस्थापन किया जाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेने से पहले आप सभी के बीच पहुंचकर आपकी राय जानने आया हूं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विस्थापन नीति के अनुरूप विस्थापन पैकेज दिया जायेगा। विस्थापन का दंश बड़ा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि विस्थापन के बाद प्रभावित सभी परिवारों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी। मंत्री श्री पटेल ने प्रधानमंत्री आवास की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि 435 लोगों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामवासियों से कहा कि अमथनु या उमरिया में जहां आप स्थान तय करेंगे वहां पट्टे प्रदान कर आवास के लिए जगह दी जायेगी। इस अवसर पर महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, रामनारायण सोनी, अंशुल नेमा, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर ने जेल में किया मौका मुआयना

भोपाल, (आरएनएस)। सेंट्रल जेल में बुधवार को मिले चाइनीज ड्रोन की गुत्थी सुलझ गई है। जेल के पास द्वारकाधाम कॉलोनी में रहने वलो डॉ. स्वप्निल जैन ने दावा किया है कि यह ड्रोन उन्होंने बेटे के लिए खरीदा था। उड़ाते समय तेज हवा के कारण कंट्रोल रेंज स बाहर हो गया और जेल की तरफ जाकर गुम हो गया। महावीर मेडिकल कॉलेज क प्रोफेसर डॉ. जैन गत दिवस सेंट्रल जेल में जांच करने पहुंची टीम से मिले और ड्रोन का रिमोट कंट्रोल भी दिखाया। उन्होंने बताया कि शाम को आसपास ड्रोन खोजने की कोशिश की थी, लेकिन नहीं मिला। इधर, पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र भी गत दिवस सेंट्रल जेल पहुंचे और मौका मुआयना किया।

## सीएम राइज सहित अन्य स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए लगाई जा रही अतिरिक्त कक्षाएं

भोपाल (आरएनएस)। एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा में करीब डेढ़ माह का समय शेष है। ऐसे में स्कूलों में कमजोर स्टूडेंट्स पर विशेष फोकस किया जा रहा है। हर स्कूल में वार्डन टीचर नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक टीचर को पांच-पांच कमजोर स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी दी गई है। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराई जा रही है। कई स्कूलों में रविवार और त्यौहार के दिन भी एक्स्ट्रा कक्षाएं लगाई जा रही हैं। सीएम राइज स्कूलों में कमजोर विद्यार्थियों को चयनित कर उनकी जिम्मेदारी शिक्षकों से अलग से दी गई है। वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से होंगी। बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड किया प्रश्नों का पैटर्न : बोर्ड ने प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है कक्षा दसवीं में हर विषय का पेपर 75 अंक का और आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक का होगा। 12वीं की परीक्षा में नॉन प्रैक्टिकल विषय 80 और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। वहीं, प्रायोगिक विषयों का पेपर 70 अंक का होगा और 30 अंक का प्रैक्टिकल होगा। इस बार दोनों कक्षाओं के दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के बदले दो अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या ज्यादा होगी। वस्तुनिष्ठ प्रश्न 30 अंक के होंगे।

## अवधपुरी पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

भोपाल।(आरएनएस)। अवधपुरी पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाख रुपए कीमत की सेंटिंग प्लेट बरामद की गई है। गिरोह का संचालन नगर निगम कर्मचारी का बेटा करता था। आरोपी चोरी के लिए किराए की लग्जरी कारों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी आरोपी बनाया है।अवधपुरी थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि एक दिन पहले ठेकेदार इंदल सिंह सिकरवार शिकायत लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वह मकान बनाने का ठेका लेते हैं। वेदवती कॉलोनी स्थित साइट पर काम चल रहा है। वहां से उनकी करीब 90 सेंटिंग प्लेट चोरी हुई हैं। मामला दर्ज कर पुलिस ने आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें चोर थार कार से आते दिखाई दिए। पुलिस ने नंबर से कार ट्रेस की, जो ट्रेवल्स की निकली।पुलिस टीम ट्रेवल्स पर पहुंची तो पता चला कि चोरों ने कार किराए पर ली थी। वहां से मिले आधार और ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी से पुलिस ने चोरों को ट्रेस किया। पुलिस ने उदय नागले, सिद्धांत भटनागर सहित उनके दो नाबालिग साथियों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने चोरी की प्लेट कबाड़ी नसीम खान को बेच दी हैं। करीब एक लाख कीमत की प्लेट कबाड़ी ने 45 हजार में खरीदी थी।

## चायनीज मांझे के ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क से संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु रोको-टोको अभियान



भोपाल(आरएनएस)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) की ट्रांसमिशन लाइनों के समीप चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण संभावित दुर्घटना की आशंकाओं पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सतर्क तथा सुरक्षित करने प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको ने रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने स्थानीय जिला प्रशासन से चायनीच मांझे के इस्तेमाल पर रोक तथा ट्रांसमिशन लाइनों के समीप के उन क्षेत्रों को संवेदनशील और खतरनाक घोषित करने के लिये अनुरोध किया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आग्रह किया है की ट्रांसमिशन लाइनों के पास पतंग नहीं उड़ायें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बहुतायत पतंग उड़ाये जाने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा पोस्टर बैनर एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से उन्हें सचेत एवं सतर्क किये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत के अनावश्यक व्यवधान का सामना न करने पड़े।गत वर्ष राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार सहित कुछ स्थानों पर ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा के साथ पतंग फंसने की घटनाओं के बाद विद्युत व्यवधान हुआ था तथा पतंग उड़ाने वालों को भी नुकसान पहुँचा था। एम.पी. ट्रांसको के संवेदनशील प्रोटेक्शन सिस्टम के 100 प्रतिशत ऑपरेट होने से बड़ी जनधन हानि से बचा जा सका था।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट ढाई घंटे लेट आई




भोपाल (आरएनएस)। दिल्ली में घने कोहरे के कारण एअर इंडिया की उड़ान गुरुवार को ढाई घंटे की देरी से आई। जानकारी के अनुसार, एआई 433 दिल्ली-भोपाल उड़ान दोपहर 2:30 बजे दिल्ली से रवाना होकर शाम चार बजे भोपाल पहुंचती है। खराब मौसम के कारण गुरुवार को यह उड़ान दिल्ली से शाम 5:22 बजे रवाना हुई ओर शाम 6:30 बजे भोपाल पहुंची। ज्ञात हो कि कई दिनों से दिल्ली में घने कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित हो रही हैं।

### निगम ने की विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही, नागरिकों ने ली राहत की सांस

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र. 48, 50 एवं 51 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अतिक्रमणों को हटाया और 15 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। अतिक्रमण हटाए जाने से नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्राप्त हुई और उन्होंने राहत की सांस ली। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मध्य विधानसभा के अंतर्गत जोन क्र. 06 के वार्ड क्र. 51 के त्रिलंगा क्षेत्र से प्रारंभ करते हुए अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से बने शेड हटाए तथा दुकानों के बाहर रखा सामान जप्त किया।

## डॉक्टरों ने कहा-सामान्य फ्लू की तरह ही है वायरस,बस सावधानी बरतें



भोपाल,(आरएनएस)। चीन में फैले कारान जैसे वायरस एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) के देश में अब तक 11 केस मिल चुके हैं। इसको लेकर लोगों के मन में तमाम तरह की आशंकताएं भी हैं, लेकिन राजधानी के विशेषज्ञों के मुताबिक ये वायरस नया नहीं है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले साल गांधी मेडिकल कॉलेज में आधा दर्जन मरीजों की पहचान की गई थी, जो इस वायरस से पीड़ित थे। सभी मरीजों का सामान्य वारदात हुआ था, जो चारन पांच दिन में ठीक भी हो गया था। डॉक्टरों का मानना है कि इस वायरस से लोगों को घबराने की नहीं है, बल्कि सावधानी बरतने की जयरत है। रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ रेस्पिरेटरी डिजीज (आरआईआरडी) के प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र दवे के मुताबिक एचएमपीवी वायरस ठंड के सीजन में अलग-अलग देशों में लोगो को प्रभावित करता है। इसलिए इसे लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं हे। बस कोविड प्रोटोकाल को फॉलो करने की जरूरत है। डॉ. दवे के अनुार न तो इसके लिए कोई अलग से ट्रीटमेंट है और न ही किसी विशेष जांच की जरूरत है। यह हैं लक्षण - वारयस मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खासंने या छींकने से निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने या दूषित सतहों को छूने के बाद आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। बुखार, नाक बहना, गले में खराश, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, थकान होना आदि है।

### खाद्य विभाग की गैस एजेंसी और खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग को रोकने हेतु खाद्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मुहिम के तहत, 1 जनवरी 2024 से अब तक 72 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफमामले दर्ज किए गए हैं। इन कार्यवाहियों के दौरान कुल 1182 घरेलू गैस सिलेंडर, 30 छोटे अमानक सिलेंडर और अन्य सामग्री जैसे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, गैस अंतरण यंत्र और पंप मशीन जप्त की गई है। जप्त सामग्री की कुल कीमत 42,08,304 आंकी गई है। आज खाद्य विभाग की टीम ने मेसर्स सारा गैस एजेंसी, जहांगीराबाद एचपीसीएल कंपनी और करोंद चौराहा स्थित जय माँ काली नाश्ता घर, ठाकुर टी स्टाल, पंडित जी टी स्टाल और निहाल कैफ़ेएंड रेस्टोरेंट में जांच की। गैस एजेंसी में स्टॉक संबंधित अनियमितताएं पाई गईं एवं अन्य प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया।

## ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव और बीना-गुना मेमू गाड़ी के विस्तार का शुभारंभ किया गया

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल के अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर 10 जनवरी 2025 को केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री,भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव और बीना-गुना मेमू स्पेशल ट्रेन का रुठियाई स्टेशन तक विस्तारित सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अशोकनगर स्टेशन पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में हरी लझंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। माननीय मंत्री जी ने गुना संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा किये गए विकास कार्यो के संबंध में अशोक नगर के गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर ब्रजेन्द्र यादव विधायक मुंगावली, जजपाल सिंह पूर्व माननीय विधायक अशोकनगर, अजय यादव अध्यक्ष जिला पंचायत अशोकनगर, नीरज मनोरिया अध्यक्ष नगर पालिका अशोकनगर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, तथा अन्य रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव की समय-सारणी**

यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित गाड़ियों के ठहराव की घोषणा की गई:

-गाड़ी संख्या 18573 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस, अशोकनगर स्टेशन पर हर शुक्रवार को 04:28 बजे आगमन और 04:30 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर शुक्रवार को 22:18 बजे आगमन और 22:20 बजे प्रस्थान।



-गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर शनिवार को 10:43 बजे आगमन और 10:45 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 22194 दौंड-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बदरवास स्टेशन पर हर शनिवार को 19:18 बजे आगमन और 19:20 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस, अशोकनगर स्टेशन पर हर रविवार को 09:46 बजे आगमन और 09:48 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 20482 तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर रविवार को 16:18 बजे आगमन और 16:20 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर सोमवार को 00:25 बजे आगमन और 00:27 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर सोमवार को 18:10 बजे आगमन और 18:12 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 22193 दौंड-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बदरवास स्टेशन पर हर सोमवार को 21:04 बजे आगमन और 21:06 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर मंगलवार को 05:23 बजे आगमन और 05:25 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 20961 उधना-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बदरवास स्टेशन पर हर मंगलवार को 21.04 बजे आगमन और 21.06 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर बुधवार को 06.12 बजे आगमन और 06.4 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 20962 वाराणसी-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बदरवास स्टेशन पर हर गुरुवार को 06:35 बजे आगमन और 06:37 बजे प्रस्थान।

-गाड़ी संख्या 61611 बीना- रुठियाई मेमू स्पेशल ट्रेन 08.55 बजे रुठियाई पहुचेगी और गाड़ी संख्या 61612 रुठियाई-बीना मेमू स्पेशल ट्रेन 09.45 बजे रुठियाई से प्रस्थान करेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इन ठहराव और गाड़ी विस्तार से स्थानीय यात्रियों को न केवल सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क भी सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे लगातार यात्रियों के लिए सेवाओं में सुधार और विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। भोपाल रेल मंडल द्वारा की गई इस पहल से न केवल यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी बल मिलेगा।

# 300 कर्मचारियों को रातोंरात निकाला, टास्कस पर करोड़ों के फर्जीवाड़े का आरोप, इंदौर में हंगामा

इंदौर (ए.)। इंदौर स्थित आईटी और बीपीओ कंपनी टास्कस में बुधवार रात उस वक्त हंगामा मच गया, जब कंपनी ने 300 से अधिक कर्मचारियों को प्रोजेक्ट बंद होने और जांच के नाम पर नौकरी से निकाल दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन किया। कई कर्मचारी रोते हुए एचआर विभाग से नौकरी पर वापस रखने की गुहार लगाते नजर आए, लेकिन कंपनी ने केवल नियमों का हवाला देकर उन्हें चलता कर दिया। जब विवाद बढ़ा तो कंपनी की सुरक्षा टीम ने खजराना पुलिस को मौके पर बुलाया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी बार-बार नियमों का सहारा लेकर किसी न किसी प्रोजेक्ट के खत्म होने पर एक साथ सैकड़ों कर्मचारियों को केवल 13 दिनों के नोटिस पर नौकरी से निकाल देती है। इस बार भी कंपनी ने ऐसा ही किया। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी प्रोजेक्ट में फर्जीवाड़े का बहाना बनाकर कार्रवाई करती है।



**पुलिस बुलाना पड़ी**


इस घटना में कंपनी ने बताया कि प्रोजेक्ट में करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा हुआ है। कंपनी ने इस मामले में जांच का हवाला देते हुए कर्मचारियों को नियमों के आधार पर टर्मिनेट करने की बात कही। पुलिस को बुलाकर सभी प्रदर्शनकारियों को कंपनी परिसर से बाहर कर दिया गया और खजराना पुलिस ने उन्हें थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

**परिवार संकट में आ गया**

कर्मचारी अभिनव ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि अचानक नौकरी से निकाल दिए जाने के कारण उनके जैसे कई लोग गंभीर संकट में हैं। हर किसी की ईएमआई, परिवार का खर्च और अन्य जिम्मेदारियां हैं। एकाएक नौकरी छिन जाने से अब कोई दूसरी कंपनी भी उन्हें नौकरी पर रखने को तैयार नहीं होगी। कुछ कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को इतना खराब बताया कि उन्होंने आत्महत्या तक के विकल्प का जिक्र किया।

**दो लोगों पर फर्जीवाड़े का आरोप**

एक अन्य कर्मचारी मानसी ने बताया कि उनकी टीम एक बिटकॉइन कंपनी के लिए काम करती थी। इस प्रोजेक्ट से जुड़े दो लोगों द्वारा किए गए फर्जीवाड़े के कारण पूरे प्रोजेक्ट पर संकट आ गया। इसके चलते, बुधवार रात एचआर ने सभी कर्मचारियों को एक मैसेज भेजकर कहा कि वे अब ऑफिस न आएं। सभी से अपने पहचान पत्र और अन्य सामान जमा करने के लिए कहा गया। कंपनी ने 8.1 एग्रीमेंट का हवाला देते हुए उन्हें 13 दिन का नोटिस दिया, जबकि नियमों के तहत 90 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए था।



## 25 साल बाद बनेगी इंदौर की नई रिंग, देवास, महू, पीथमपुर जैसे शहर जुड़ेंगे

इंदौर (ए.)। इंदौर के पश्चिमी बाइपास का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करेगा। केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने खुद इसकी घोषणा गुरुवार को इंदौर में की। 25 साल पहले मांगलिया से राऊ तक पूर्वी बाइपास एनएचएनआई ने बनाया था, लेकिन अब पूर्वी हिस्से का नया बाइपास और पश्चिमी बाइपास का निर्माण साथ में होने से शहर की नई रिंग बन जाएगी।

**जमीन अधिग्रहण राज्य सरकार के जिम्मे**

यह मार्ग डकाच्या गांव से महू और पीथमपुर को जोड़ेगा। इसके निर्माण से महू, पीथमपुर और देवास के ग्रामीण क्षेत्र इंदौर के और करीब आ जाएंगे और मार्ग के आसपास बसाहट शुरू हो जाएगी। 70 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण पर 4000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने यह शर्त भी रखी है कि सड़क एनएचएआई बनाएगा, लेकिन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार को करना होगी।

**38 गांवों से गुजरेगा पूर्वी बाइपास**

पूर्वी बाइपास 38 गांवों से होकर गुजरेगा। यह छहलेन बनेगा। दस साल पहले भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नए पूर्वी बाइपास का सर्वे किया था, लेकिन बाद में पुराने बाइपास को ही चार लेन से छहलेन करने का काम शुरू हो गया था और नए बाइपास के निर्माण की योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी।

**नए सिरे से होगा सर्वे**

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि मंत्री गडकरी के निर्देश के बाद अब पूर्वी बाइपास के लिए नए सिरे से सर्वे की प्रक्रिया होगी। इसके निर्माण से देवास, महू, पीथमपुर को भी फायदा होगा।

**यह होगा पूर्वी बाइपास बनने से फायदा**

- रियल इस्टेट मार्केट में तेजी आएगी। नई टाउनशिप और उद्योग खुल सकेंगे।
- सड़क के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यवस्थित विकास होगा। मास्टर प्लान की आंतरिक सड़कें बनेगी।
- दिल्ली और मुंबई की तरफ जाने वाले वाहन इंदौर के बजाए सीधे बाइपास से देवास और मानपुर की तरफ जा सकेंगे।
- वर्तमान पूर्वी बाइपास पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। हादसों पर भी रोक लगेगी।
- पीथमपुर और देवास के औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरियों को परिवहन के लिए नई कनेक्टिविटी मिलेगी।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- महिलाओं के हाथों को मजबूत कर रही सरकार, MP में 10 लाख लखपति दीदी




शिवपुरी (ए.)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत महिलाओं को बढ़ावा दे रही है। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि महिलाओं को आगे बढ़ाया जाए। उसी क्रम में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि महिलाएं घरों की चार दीवारी से बाहर निकलकर आ रही हैं। आज हमारी सरकार महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बना रही है। महिलाओं के हाथों को मजबूत किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में 10 लाख महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाया गया है। महिलाएं समूहों से जुड़कर ड्रोन उड़ा रही हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने यह बात शिवपुरी जिले के ग्राम बूढ़ाडोंगर में परिधान निर्माण एवं प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास मौके पर कही। उन्होंने कहा कि शिवपुरी जिले के बदरवास के ग्राम बूढ़ाडोंगर में अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से बनाए जा रहे परिधान निर्माण में प्रशिक्षण केंद्र में महिलाएं यहां पर प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनेंगी।

शिवपुरी के बूढ़ाडोंगर में परिधान निर्माण प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सिंधिया ने शिलान्यास किया। इस प्रशिक्षण केंद्र पर 40 ग्रामों की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण लेंगी और सिलाई सीखेंगी। इस केंद्र से 3000 से अधिक महिलाओं को सिलाई सीखने का अवसर मिलेगा और 1500 महिलाओं को सीधे रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

## उज्जैन में मकर संक्रांति के लिए सजा बाजार, PM मोदी और कार्टून पतंग की मांग सबसे ज्यादा, इतने हैं दाम



उज्जैन (ए.)। मकर संक्रांति को लेकर उज्जैन के तोपखाना का पतंग बाजार रंग-बिरंगी पतंगों से सजा नजर आ रहा है। यहां सभी प्रकार की पतंगें उपलब्ध हैं। बरेली का मांझा सबसे ज्यादा डिमांड में है। इस बार फिल्मी सितारों की पतंगों से ज्यादा मांग मोदी पतंग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाली पतंगें लोगों का ध्यान खींच रही हैं। वहीं, बच्चों की कार्टून व कागज की पतंगों के अलावा जर्मनी पेपर, फैंसी, सलमान खान, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन और पुष्पा 2 के अभिनेता अल्लू अर्जुन की पतंगों की भी बिक्री हो रही है, लेकिन मोदी पतंग की मांग सबसे अधिक है।

## गायों के पैरों में बांधे कंटीले तार, भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने की मदद, कई मवेशी मृत मिले



दमोह (ए.)। दमोह जिले में आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब लोग उनके साथ क्रूरता करने लगे हैं। दमोह के तेंदूखेड़ा ब्लॉक से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम दोनी में गौवंश के साथ अमानवीय व्यवहार की दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां मवेशियों के पैरों में लोहे के कंटीले तार कस दिए गए थे, जिससे उनके पैर कटने लगे। इस घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार सुबह नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने कई मवेशियों के पैरों से इन कंटीले तारों को निकाला।

जगदीश सिंह लोधी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि दोनी गांव में कुछ किसानों ने अपनी फसल को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए उनके पैरों में लोहे के कंटीले तार बांध दिए हैं। वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और लंगड़ाते हुए चल रहे मवेशियों को रस्सी से बांधकर जमीन पर लिटाया। इसके बाद उनके पैरों में बंधे इन तारों को निकाला। मवेशियों के पैरों में कीड़े भी लग गए थे। कार्यकर्ताओं ने उनके घावों पर दवा लगाकर उनका इलाज किया। संगठन के सदस्यों ने मवेशियों के पैरों में बंधे तार काटे और जंगल से एकत्रित की गई देशी दवाइयों का लेपन किया।

## 17वें जन्मदिन पर चाचा ने किया दुष्कर्म, फिर इतने साल तक करता रहा ज्यादती; गर्भपात की दवा भी खिलाई

उमरिया (ए.)। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के चाचा ने ही उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी चाचा डरा धमकाकर उसके साथ करीब डेढ़ साल तक दुष्कर्म करता रहा। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता ने इसकी जानकारी आरोपी चाचा को दी तो उसने उसे गर्भपात की दवा पिला दी। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी चाचा के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया। लेकिन, पुलिस ने अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

जानकारी के अनुसार मामला उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के नरवार गांव का है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि रिश्ते के चाचा सूरज सिंह ने 17वें जन्मदिन पर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया, तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद आरोपी चाचा डरा-धमकाकर उसके साथ डेढ़ साल तक दुष्कर्म करता रहा।



**दो महीने की गर्भवती हो गई थी पीड़िता**

पीड़िता ने कहा कि चाचा के दुष्कर्म करने कारण वह गर्भवती हो गई। दो महीने का गर्भ होने पर उसे जानकारी लगी तो उसने आरोपी चाचा को भी बताया। जिस पर उसने जूस में मिलाकर उसे गर्भपात की दवा मिलाकर पिला दी। गर्भपात होने पर परिवार को घटना की जानकारी लगी तो उन्होंने पीड़ित बेटी के साथ थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया।

**पीड़िता का आरोप- एफआईआर में गर्भपात का जिक्र नहीं**

पीड़िता का आरोप है कि पुलिस को दी शिकायत में उसने आरोपी चाचा द्वारा गर्भपात कराने की बात कही थी। लेकिन, पुलिस ने एफआईआर में इसे शामिल नहीं किया गया। न्याय की गुहार लेकर वह उमरिया एसपी से भी मिली, लेकिन अब तक आरोपी चाचा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। आरोपी सूरज सिंह छत्तीसगढ़ के कोरबा में कोल माइंस में काम करता है। केस दर्ज हाने के बाद से वह फरार है।

**मामले की जांच की जा रही**

एडिशनल एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर 27 दिसंबर को एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता के गर्भपात के दावे की जांच की जाएगी। यह घटना जून 2021 की है, तीन साल बाद शिकायत दर्ज हुई है। मामले की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क किनारे लगे पोल से टकराई तेज रफ्तार कार, मामा-भांजे की मौके पर मौत, चार लोग गंभीर घायल

भिंड (ए.)। मध्य प्रदेश के भिंड-इटावा नेशनल हाईवे पर गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। दर्दनाक हादसे में मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हादसे के समय कार की स्पीड 150 से भी ज्यादा थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बैतूल निवासी आकाश जाटव अपने फूफा के घर तेरवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भिंड आया था। गुरुवार की शाम आकाश अपने मामा नरेंद्र जाटव और अन्य चार लोगों के साथ रात में एक ढाबे पर खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद रात करीब एक बजे सभी कार से लौट रहे थे। इस दौरान कोहरा भी था और गाड़ी भी तेज रफ्तार में चल रही थी। भारौली तिहारी के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई, इसके बाद वहां लगी होर्डिंग में टकरा गई। दर्दनाक हादसे की सूचना ट्रक चालकों ने डायल 100 को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस पहुंची।




पुलिस ने बताया कि हादसे में कार की आगे की सीट पर बैठे भांजे आकाश जाटव और मामा नरेंद्र जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में पीछे की सीट पर बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पंचम सिंह जाटव, जीतेंद्र सिंह और दो अन्य लोग शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने केस दर्ज हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापार समाचार

## वैश्विक संकेतों से सोना 300 रुपए बढ़कर 80300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में भी तेजी

नई दिल्ली (ए.)। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोना लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में 300 रुपये बढ़कर 80,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। व्यापारियों ने कहा कि पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) की ओर से लगातार दूसरे महीने अपने भंडार में वृद्धि की खबर के बाद कीमती धातु में उछाल आया।

पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव गुरुवार को 300 रुपए बढ़कर 79,900 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को चांदी की कीमत 500 रुपए बढ़कर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले चांदी की कीमत 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 247 रुपये



या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 77,994 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

**कॉमेक्स पर भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी**

वायदा कारोबार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी 593 रुपये या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 91,531 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 10 डॉलर प्रति औंस या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 2,682.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। इक्विटी बाजार में जोखिम कम होने की धारणा और चीन से कमजोर मैक्रो डेटा के कारण गुरुवार को सोने में तेजी आई, जिससे पारंपरिक सुरक्षित परिसंपत्ति सोने की ओर प्रवाह बढ़ा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "चीन की उपभोक्ता मुद्रास्फीति शून्य हो गई है, जो लगातार चौथे महीने घट रही है, जिससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में विकास को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।" गांधी ने कहा कि इन आंकड़ों ने चीनी सरकार के अपस्फीति से निपटने और प्रोत्साहन उपायों के माध्यम से मांग को बढ़ाने के प्रयासों को कमजोर कर दिया है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के बीच ही आईटी स्टॉक्स में तेजी के बाद भी बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों के कमजोर रहने की आशंका और अमेरिकी ब्याज दरों में कम बार कटौती की बढ़ती संभावनाओं से भी बाजार में घबराहट का माहौल था। इससे भी निवेशकों ने जमकर शेयर बेचे।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 241.30 अंक करीब 0.31फीसदी की गिरावट के साथ ही 77,378.91 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में निफ्टी 95 अंक तकरीबन 0.4 फीसदी नीचे आकर 23,431 पर बंद हुआ।

इस सप्ताह दोनों सूचकांक लगभग 2.4 फीसदी गिरे। इससे दो सप्ताह की वृद्धि का सिलसिला टूट गया।




सेंसेक्स के लिए यह हफ्ता अच्छा नहीं रहा और बेंचमार्क इंडेक्स 1845 गिर गया। वहीं पिछले सप्ताह सेंसेक्स 79,223 के स्तर पर बंद हुआ था जबकि इस सप्ताह यह 77,379 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 573 अंक गिरकर बंद हुआ। पिछले सप्ताह निफ़्टी 24,004 के स्तर पर बंद हुआ था। जबकि इस हफ्ते यह 23,432 पर बंद हुआ, जो 573 अंक की गिरावट दिखाता है।

बाजार के 13 प्रमुख सेक्टर्स में से 12 में साप्ताहिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई। स्मॉलकैप और मिडकैप में 7.3 फीसदी और 5.8 फीसदी की गिरावट आई।

## रुपया गिरावट पर बंद




मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 86.05 पर बंद हुअ। वहीं इससे पहले आज सुबह विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला, हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से सकारात्मक संकेतों से इसे कुछ समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि साथ ही 20 जनवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन के प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों की प्रत्याशा के बीच मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.85 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ 109.03 पर रहा।

## अकासा एयर के पायलटों के एक वर्ग ने नियुक्ति और रोस्टरिंग पर खड़े किए सवाल, की जांच की मांग




मुंबई (ए.)। अकासा एयर के पायलटों के एक वर्ग ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर एयरलाइन की नियुक्ति प्रथाओं की जांच की मांग की है, जिसमें रोस्टरिंग के मुद्दे और अन्य खामियों का आरोप लगाया गया है। अन्य बातों के अलावा, इन पायलटों ने दावा किया है कि कुछ ऑपरेटिंग क्रू समय पर काम पर नहीं आते हैं और उन्होंने दावा किया कि समय पर कार्य निष्पादन की रिपोर्टिंग में समस्याएं हैं।

गुरुवार को पायलटों के एक वर्ग ने नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, नागरिक उड्डयन सचिव और नागरिक उड्डयन महानिदेशक को एक ई-मेल भेजकर एयरलाइन की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अकासा एअर की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

ई-मेल में पायलटों ने एयरलाइन की भर्ती प्रक्रियाओं की जांच की मांग की है तथा दावा किया है कि भर्ती कुछ चुनिंदा लोगों की मर्जी के अनुसार की जा रही है।

## दिल्ली हवाई अड्डे का टी2 अगले वित्तीय वर्ष में चार से छह महीने के लिए रहेगा बंद, बदलेगी सूरत


नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हवाई अड्डा के संचालक डायल (दिल्ली इंटरनेशन एयरपोर्ट लिमिटेड) ने शुक्रवार को कहा कि चार दशक पुराना टर्मिनल 2 (टी2) नवीनीकरण कार्यों के लिए अगले वित्त वर्ष में चार से छह महीने तक बंद रहेगा। इसके पुनरोद्धार का कार्य सितंबर तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए), देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा भी है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## लोगों को प्यासा रखना नैतिक अपराध

पचपन साल पहले केन-बेतवा परियोजना की परिकल्पना की गई थी। मगर आज भी बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेल रहे हैं। अभी कई और वर्ष उन्हें इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी किसी ऐसे देश में हो सकती है, जो विकसित हुआ हो? केन-बेतवा परियोजना इसकी मिसाल है कि विकास के पैमानों पर भारत क्यों अपनी संभावनाओं को हासिल नहीं कर पाया। ध्यान दीजिए- परियोजना की परिकल्पना सबसे 1970 में की गई, जब मशहूर इंजीनियर एवं तत्कालीन सिंचाई मंत्री डॉ. केएल राव ने पानी की किल्लत वाले इलाकों में पानी पहुंचाने के मकसद से इन दोनों नदियों को जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया। सिंचाई मंत्रालय को इसकी योजना तैयार करने में दस साल लग गए। 1980 में तैयार योजना के प्रारूप पर संभाव्यता अध्ययन 1995 में शुरू हुआ।1999 में संबंधित राज्यों उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच सहमति बनाने के लिए समिति बनी। 2008 में जाकर संबंधित योजना केंद्र ने बनाई। 2010 में परियोजना के प्रथम चरण की संभाव्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हुई। 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परियोजना को मंजूरी दी। 2021 में यूपी और मप्र ने केंद्र को अपनी सहमति दी। 2023 में इसे वन मंत्रालय की मंजूरी मिली। और 2024 के आखिर में जाकर इस पर अमल की शुरुआत की गई है। फिलहाल, बताया गया है कि इस पर 44,605 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम पूरा होते-होते ये खर्च काफी बढ़ चुका होगा। इस बीच बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेलते रहे हैं तथा अभी कई और वर्षों तक उन्हें इसके लाभ का इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी का कल्पना किसी ऐसे देश में की जा सकती है, जो विकसित हुआ हो या वास्तविक विकास की मार्ग पर आगे बढ़ रहा हो? आज फैशन भारत और चीन की विकास यात्राओं के बीच तुलना करने का है। ये अक्सर पूछा जाता है कि हम क्यों पीछे रह गए? इसका एक नायाब जवाब केन-बेतवा परियोजना है। बहरहाल, अब इस पर काम शुरू हुआ है, तो इसे फुर्ती से और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना चाहिए। बीच में पर्यावरण संबंधी कोई मुद्दा हो, जैसाकि कांग्रेस की तरफ उठाया गया है, तो उसे आधुनिक वैज्ञानिक विधियों से हल किया जाना चाहिए। लेकिन पर्यावरण की अभिजात्यवादी धारणों से बंध कर बुंदेलखंड के लोगों को प्यासा रखना एक किस्म का नैतिक अपराध होगा।



10वें तमिलनाडु अंतर्राष्ट्रीय गुब्बारा महोत्सव 2025 में उड़ान भरने के लिए गर्म हवा के गुब्बारे तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें 20 से अधिक देशों के रंग-बिरंगे गुब्बारे शामिल होंगे।

# भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से बढ़ रही है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार द्रुत गति से बढ़ रहा है। कुल मिलाकर भारत अर्थ के क्षेत्र में विश्व में चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।**



हाल में अमेरिका में जारी यूबीएस बिल्यनेर एंबिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनायर (अतिधनाढय़ों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनायर की संख्या की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आ गया है। बिलिनायर अर्थात वह नागरिक जिसकी संपत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है (यानी भारतीय मुद्रा में 8,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति)। पहले स्थान पर अमेरिका (835 बिलिनायर) है और दूसरे स्थान पर चीन (427 बिलिनायर) है।

पूरे विश्व में आज बिलिनायर की संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि 2015 में यह संख्या 1757 थी। पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में बिलिनायर की संपत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई जबकि अमेरिका में बिलिनायर की संपत्ति 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। पूरे विश्व में बिलिनायर की संपत्ति बढ़ कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। इस रिपोर्ट यह संभावना भी जताई गई है कि आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनायर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं, जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परंपरा के अनुसार बढ़ा रहे हैं, और भारत में बिलिनायर की संख्या में वृद्धि और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

भारतीय बिलिनायर की संख्या भारत में ही नहीं बढ़ रही है, बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनायर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं और अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेज कर यहां निवेश कर रहे हैं, और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के नागरिकों का महती योगदान रहता है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, और हर साल अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं।

हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताया गया है कि 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों ने भारत में भेजी है। भारत पिछले कई वर्षों से इस दृष्टि पूरे विश्व में पहले स्थान पर कायम है। 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रति वर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों और एशिया के कुछ देशों यथा मलयेशिया और सिंगापुर का प्रमुख योगदान है। जैसा कि विदित है कि हर साल भारत से लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दृष्टि से विकसित देशों की ओर जाते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत भारतीय युवा इन देशों में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, और अपनी बचत राशि का बड़ा भाग भारत में भेज देते हैं। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के संग्रहण में यह राशि बड़ी भूमिका निभा रही है। 2024 में पूरे विश्व में 68,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि विभिन्न देशों के नागरिकों द्वारा अपने-अपने देशों को भेजी गई। यह राशि 2023 में भेजी गई राशि से 5.8 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों में निवास कर रहे नागरिकों द्वारा भेजी गई राशि में से 20 प्रतिशत से अधिक की अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीयों द्वारा ही अकेले भारत में भेजी गई। इस प्रकार, भारतीय मूल के नागरिकों की संपत्ति न केवल भारत, बल्कि अन्य देशों में भी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है।

# टेक्नोलॉजी के विपरीत क्या फैसला देना उचित

**मनोज चतुर्वेदी**

मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले गए भारत- ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में आखिरी दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को जिस तरह से आउट दिया गया, उसने एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या टेक्नोलॉजी के विपरीत फैसला देना उचित है।

इस विवादास्पद फैसले का परिणाम पर क्या असर हुआ, यह अलग मसला है। हालांकि यशस्वी जिस समय आउट दिए गए, वह 84 रन पर खेल रहे थे और वह भारत को ड्रा की तरफ ले जाते नजर आ रहे थे। बहुत संभव है कि यह आउट नहीं दिया जाता तो मैच का परिणाम ड्रा रहता।

यशस्वी और ऋषभ पंत के खेलते समय भारत अच्छी स्थिति में नजर आने लगा था और ऑस्ट्रेलिया विकेट की जरूरत महसूस कर रहा था। इसी दौरान पैट कमिंस की लेग साइड पर ऊपर आती गेंद पर यशस्वी ने पुल करने का प्रयास किया और गेंद विकेटकीपर कैरी के ग्लब्स में चली गई। इस पर की गई अपील को अंपायर जोएल विल्सन के नकारे जाने पर पैट कमिंस ने डीआरएस लिया। स्लो मोशन में थर्ड अंपायर शरफुद्दौला को दिखा कि गेंद की ग्लब्स या बल्ले से लग कर दिशा बदली है। पर जब उन्होंने स्निको मीटर को देखा तो उसमें कोई हलचल नहीं दिखी। शरफुद्दौला ने गेंद की दिशा बदलने की वजह से आउट देने का फैसला किया जो विवादास्पद बन गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कमेंट्री करते समय इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की। उनका कहना था कि जब आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं तो उसके हिसाब से ही फैसला करना चाहिए था यानी जब स्निको मीटर में कोई हलचल नहीं हुई तो यशस्वी को नॉट आउट दिया जाना चाहिए था क्योंकि मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था। वैसे भी नियमों के मुताबिक थर्ड अंपायर मजबूत साक्ष्य होने पर ही मैदानी अंपायर के फैसले को बदलता है और यहां स्पष्ट साक्ष्य नहीं था। वैसे भी कई बार गेंद देर तक स्विंग करती है, जिससे कई बार उसके बल्ले से लगने का भ्रम हो जाता है और इस मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। गेंद बल्ले या ग्लब्स से लगती तो स्निकोमीटर में कोई न कोई हलचल जरूर होती।वहीं रवि शास्त्री ने तो कहा कि इस सीरीज में अंपायर ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज के पर्थ टेस्ट में केएल राहुल के कैच नहीं दिए जाने के समय साफ दिख रहा था कि गेंद उनके बल्ले से लगी है, पर स्निको मीटर में हलचल नहीं दिखने की वजह से उन्हें कैच नहीं दिया गया था, इसलिए तकनीक को लेकर एकरूपता होनी चाहिए। अब सवाल है कि जब अंपायर स्निको मीटर को वरीयता दे रहे हैं तो उन्हें इस मसले पर भी यही नियम अपनाना चाहिए था। पिछले एक-दो दशक से फैसलों को त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से ही आईसीसी तनकीक के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है पर जब तकनीक का सही इस्तमेल नहीं होगा तो खिलाड़ियों का इस पर से भरोसा उठ सकता है। अंपायर्स कॉल का काफी समय से विरोध होता रहा है। इसमें किसी फैसले को लेकर अंपायर क्या सोचता है, इसका खिलाड़ियों को कई बार नुकसान और कई बार फायदा होता है। इस नियम के हिसाब से यदि अंपायर ने किसी बल्लेबाज को एलबीडब्लयू दे दिया है और डीआरएस लेने पर गेंद विकेट से छू गई है तो वह आउट हो जाएगा। दूसरी तरफ अंपायर ने आउट नहीं दिया है तो गेंद के विकेट को छू लेने भर से वह आउट हो जाएगा, इसलिए बेहतर हो कि गेंद विकेट को छू भर ले तो आउट दिया जाए, ऐसी तकनीक विकसित करके फैसलों को त्रुटिहीन बनाया। यशस्वी तीसरे अंपायर के फैसले से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए फैसला आने पर मैदान छोडऩे से पहले वह मैदानी अंपायरों से कुछ कहते सुने गए। इस पर मैदान में भारी तादाद मौजूद भारतीय समर्थक बेईमान-बेईमान के नारे बुलंद करते नजर आए। अच्छी बात है कि आज कहीं भी क्रिकेट खेली जाए भारतीय दर्शकों की मौजूदगी रहती ही है। मेलबर्न मैदान पर सर्वाधिक दर्शकों का 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इस टेस्ट को देखने के लिए 373651 दर्शक पहुंचे। इससे पहले 1937 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट को 350534 दर्शकों ने देख कर रिकॉर्ड बनाया था। इससे यह भी साबित होता है कि यदि टेस्ट मैचों में अच्छी क्रिकेट खेली जाए तो वहां भी दर्शकों को टोटा नहीं रहता। यशस्वी के खिलाफ फैसले पर विवाद होने की वजह से तीखी प्रतिक्रियाएं जरूर आ रही हैं।




मेष राशि: आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षको का सहयोग मिलेगा। किसी मित्र के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी- छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। संतान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा है, साथ में कहीं घूमने जायेंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियाँ बढ़ेगी। बच्चो के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। काम में नयी तकनीकों को अपनाने से... काम जल्दी पूरा होगा।

सिंह राशि: आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी । आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कपड़ा व्यापारियों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी। आप कुछ लोगों के साथ मिलकर किसी सामाजिक कार्य की रूपरेखा बना सकते हैं ।

कन्या राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पड़ने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में मदद करेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें । आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखुबी अंजाम देंगे। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी । विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा। आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। आज घर में नन्हे मेहमान के आने की सम्भावना बन रही है। परिवार में किसी से चल रही अनबन आज समाप्त होगी और उसके प्रति प्रेम बढ़ेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी । व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे । आज समाज में आपकी छवि निखरेगी। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मज़बूत होंगे। माता जी के स्वास्थ्य में आज पहले से बेहतर सुधार आयेगा।


कुंभ राशि: आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। आपकी शिक्षा अथवा करियर से संबंधित समस्यायें दूर होंगी। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिल सकती है। आपको माता- पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज टेक्नीकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसन्द जगह पर ट्रान्सफर होने की सम्भावना बन रही है। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस राशि के लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये सम्मानित किया जायेगा।

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है राष्ट्र मंदिर

**हितानंद शर्मा /**

**( श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष )**



अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष्ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टिका हटाई गई तब पूरे विश्व में सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।

भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से आनंदित, उत्साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि -

अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पू अयोध्या।
तस्या हिरण्मय- कोश स्वर्गो ज्योतिषावृत।।

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय, अपराजित है। सहस्त्रों वर्षो तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध्या जहाँ हिन्दू समाज के आराध्य श्रीराम जी का जन्म सकल लोक के मंगल हेतु हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।
निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों ने अपनी भावनाओं ने विविध प्रकार से अभिव्यक्ति की। यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है? विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहीत कर इस पवित्र कार्य से जोड़ा।मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देशव्यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया। मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया। भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी को आज ही के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से आज प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई है। नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं।यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्वऔ के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में उमड़ा भावनाओं का ज्वार ऐसे अनेक प्रश्नों का उत्तर दे रहा था कि राम मंदिर का निर्माण क्यों आवश्यक था और हिंदू समाज उसके लिए इतनी व्यग्रता से क्यों प्रतीक्षा कर रहा था? अच्छा होता कि यह प्रतीक्षा स्वतंत्रता के बाद ही पूरी हो जाती, किंतु संकीर्ण राजनीतिक कारणों और कथित सेक्युलरिज्म की विजातीय-विकृत अवधारणा के चलते ऐसा नहीं हो सका। यह विडंबना ही रही कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की हिंदू समाज की सदियों पुरानी स्वाभाविक अभिलाषा की अनदेखी की गई। जिस अयोध्या को अवनी की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पद दलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाए रखा। समय के साथ समाज का संकल्प भी दृढ़ होता गया और आज समस्त सृष्टि अयोध्या के वैभव को निहार रही है।



# 'राष्ट्रदूतों ने दुनिया में बदली भारत की छवि', पीएम ने कहा- सरकार को याद रखेंगे देश के नौजवान

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री मोदी ने पॉडकास्ट में तमाम मुद्दों पर बातचीत की, इस दौरान पीएम ने कहा कि 'मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस' में लोगों ने अपने-अपने अर्थ निकाले हैं। पीएम ने कहा- कुछ लोगों को लगा मंत्रियों की संख्या का मतलब मिनिमम गर्वनेंट, कुछ लोगों को लगा कर्मचारियों की संख्या मतलब मिनिमम गर्वनेंट, मेरी ये कल्पना कभी नहीं थी, ऊपर से मैंने तो आकर करके स्किल मंत्रालय अलग बनाई, सहकारिता मंत्रालय अलग बनाई, मत्स्य मंत्रालय अलग बनाई। तो देश में जिन-जिन फोकस एरिया होते हैं उसके तहत।



'मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस' की कल्पना

पीएम ने कहा, जब मैं 'मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस' कहता हूं, हमारे यहां जो प्रोसेस चलती है लंबी...एक क्लीयरेंस लेना है तो छह-छह महीने चल रहा है। कोर्ट-कचहरी का मामला है, तो 100-100 साल तक पुराने केस अभी लटके पड़े हैं। इसलिए हमने क्या किया, करीब 40 हजार अनुपालन हमने निकाल दिए। वरना ये विभाग आपसे ये चीज मांगेगा, तो पास के अन्य विभाग भी आपसे वही चीज मांगेंगे। इस तरह से 40 हजार अनुपालन हिंदुस्तान के सामान्य जनता पर कितना भार पड़ता है। मैंने करीब-करीब 15 सौ कानून खत्म किए हैं। मैंने आपराधिक चीजों से जोड़ने वाले कानूनों को बदला है। ये मेरी 'मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस' की कल्पना है। और मैं आज देख रहा हूं, ये सब चीजें हो रही है।

**टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार पर लगाम**

साक्षात्कार में पीएम मोदी ने यूपीआई, ईकेवाईसी, आधार को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि, आज मैं 30 सेकेंड में 10 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पैसे भेज सकता हूं। मैं आज देश के 13 करोड़ गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को सब्सिडी के पैसे एक क्लिक से 30 सेकेंड में भेज सकता हूं। क्योंकि जनधन खातों से देश के करोड़ों रूपये जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते थे वो गया और टेक्नोलॉजी का उपयोग हुआ।




भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में अशोक रोड से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फिरोज शाह रोड स्थित आवास तक 'पूर्वांचल सम्मान मार्च' निकाला। यह विरोध प्रदर्शन केजरीवाल की पूर्वांचली निवासियों के बारे में कथित टिप्पणी के जवाब में किया गया।



## संभल की शाही जामा मस्जिद विवाद पर यूपी सरकार को नोटिस, कुएं की पूजा पर लगाई रोक

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद के विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधक कमेटी की याचिका पर यह नोटिस जारी किया गया है। याचिका में मस्जिद कमेटी प्रबंधन ने मांग की थी कि जिलाधिकारी को निर्देश दिया जाए कि यथास्थिति बरकरार रखी जाए। दरअसल जिस निजी कुएं की खुदाई की जा रही है, वह मस्जिद की सीढ़ियों के पास स्थित है।

**कुएं की पूजा पर रोक**


सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया है कि वे नगर पालिका के नोटिस पर कार्रवाई न करें, जिसमें सार्वजनिक कुएं को हरि मंदिर बताया गया है और उसकी पूजा की इजाजत दी गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पूजा पर रोक लगा दी है। हालांकि कुएं के सार्वजनिक इस्तेमाल की छूट है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।



महाकुंभ मेला 2025 के लिए 'चवन्नी प्रवेश' धार्मिक जुलूस के दौरान साधुओं के साथ आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि, प्रयागराज में संगम की ओर उनके औपचारिक प्रवेश को चिह्नित करते हुए.

## रेणुकास्वामी हत्याकांड में अदालत में पेश हुए एक्टर दर्शन समेत सभी आरोपी; 25 फरवरी को अगली पेशी

बंगलूरू रेणुकास्वामी हत्याकांड में अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और उनकी दोस्त अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा समेत सभी आरोपी शुक्रवार को बंगलूरू में सत्र अदालत में पेश हुए। वहीं मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने सभी आरोपियों की उपस्थिति पर गौर करने के बाद अगली पेशी 25 फरवरी तय की और उन्हें उस दिन फिर से पेश होने का निर्देश दिया।



**जमानत मिलने के बाद अदालत में पेश हुए सभी आरोपी**

सूत्रों ने बताया कि अदालत ने जमानत की शर्तों के तहत मासिक पेशी अनिवार्य की थी और यह ऐसी ही एक पेशी है। बताया जा रहा है कि जमानत मिलने के बाद यह पहली बार है जब सभी आरोपी एक ही समय पर अदालत में मौजूद थे। मीडिया और दर्शकों की मौजूदगी में अपनी कानूनी टीम के साथ पहुंचे दर्शन अदालत पहुंचे, जबकि पवित्रा गौड़ा को पहले अपने वकील से बातचीत करते देखा गया। अन्य आरोपी भी अपने कानूनी प्रतिनिधियों के साथ आए थे।

**13 दिसंबर को सभी आरोपियों को मिली थी जमानत**

बता दें कि, अभिनेता दर्शन, अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों - आर नागराजू, अनु कुमार उर्फ अनु, लक्ष्मण एम, जगदीश उर्फ जग्गा और प्रदूष एस राव को 13 दिसंबर, 2024 को उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी, जबकि अन्य को पहले ही जमानत दे दी गई थी। वहीं अभिनेता दर्शन पहले से ही चिकित्सा कारणों से अंतरिम जमानत पर थे, क्योंकि उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दी थी।

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, एक लाख करोड़ से अधिक के नोटिस पर लगी रोक



नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कसीनो (कुछ खास तरह के जुए के लिए सुविधा) को राहत मिली। दरअसल, शीर्ष कोर्ट ने कर चोरी के मामले में जारी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी। जस्टिस जे.बी.पारदीवाला और जस्टिस आर.महादेवन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट एक ऑनलाइन गेमिंग कंपनी को जारी जीएसटी सूचना नोटिस को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई थी। यह 21 हजार करोड़ रुपये का नोटिस था। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक अक्तूबर 2023 को जीएसटी कानून में बदलाव किया था, जिससे विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को भारत में पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया। इसी महीने जीएसटी विभाग ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और इन पर कर चोरी का आरोप लगाया।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने अगस्त 2023 में स्पष्ट किया था कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर जितनी रकम का दांव लगाया जाएगा, उस पर 28 फीसदी जीएसटी वसूल किया जाएगा। जीएसटी परिषद के इस फैसले के खिलाफ विभिन्न हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

इसके बाद केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की। फिर सुप्रीम कोर्ट ने नौ हाईकोर्ट से 28 फीसदी जीएसटी को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित किया। आज इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई हुई। जीएसटी विभाग की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एन. वेंकटरमण कोर्ट में पेश हुए। वेंकटरमण ने कहा कि कुछ कारण बताओ नोटिस फरवरी में समाप्त हो जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि इन मामलों में तत्काल सुनवाई की जरूरत है। गेमिंग कंपनियों के खिलाफ सभी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।



### पत्नी निकली बेवफाः पति ने खेती कर पाई-पाई जोड़ पढ़ाया, नर्स बनते ही फेरा मुंह; प्रेमी संग लिव-इन में कर रही ऐश

बहराइच (ए.)। यूपी में बहुचर्चित ज्योति मौर्य प्रकरण की तरह ही बहराइच में एक मामला सामने आया है। यहां एक पति ने पत्नी को लखनऊ में रखकर जेएनएम का कोर्स करवा कर नर्स बनाया, लेकिन प्रेम प्रसंग में पड़कर अब पत्नी ने घर आने से इंकार कर दिया है। जिसके बाद से पति दर-दर भटक रहा है और प्रकरण परिवार न्यायालय तक पहुंच गया है। मामला मोतीपुर थाना क्षेत्र का है। यहां के निवासी पंकज कुमार ने बताया कि साल 2018 में उनका विवाह थाना क्षेत्र की ही निवासी एक युवती के साथ हुआ था। विवाह के बाद उनकी पत्नी ने पढ़ाई करने की इच्छा जताई। पंकज ने बताया कि वह किसान हैं, बावजूद इसके उन्होंने पत्नी के पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**युवक के साथ प्रेम प्रसंग में मस्त हो गई**

बताया कि वर्ष 2019 में जीएनएम कोर्स के लिए पत्नी का दाखिला लखनऊ के डॉ. भीमराव आंबेडकर नर्सिंग फार्मेसी कॉलेज में करवा दिया।

### 12वीं के छात्र ने फैलाई थी दिल्ली के स्कूलों में बम की झूठी अफवाह, पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि एक 12वीं के स्टूडेंट ने कॉल करके झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने उस छात्र को पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस छात्र से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि छात्र नाबालिग है। परीक्षा को रद्द कराने के मकसद से उसने यह मेल भेजा था। जी-मेल भेजकर स्कूलों में बम होने की धमकी दी थी। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया छात्र मास्टरमाइंड है। साजिश में कई और छात्र शामिल थे, जिनके बारे में जांच जारी है। बता दें कि तबुधवार सुबह 10 स्कूलों को ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी, जिसके बाद सभी स्कूलों में छुट्टी दे दी गई थी। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कबूल कर लिया है कि उसने दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को 23 ईमेल भेजे थे।

## जनरल बोगियों में सफर करने वालों के लिए खुशखबरी, कम किराए में इस लग्जरी ट्रेन का मजा ले सकेंगे यात्री



नई दिल्ली(ए.)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) का दौरा किया। इस दौरान रेल मंत्री ने अमृत भारत कोच सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि अमृत भारत ट्रेन को खास तौर पर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। आज मुझे अमृत भारत का वर्जन 2.0 देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। रेल मंत्री ने कहा, अमृत भारत 2.ह में कई सुधार किए गए हैं। 12 बड़े बदलाव किए गए हैं। अमृत भारत ट्रेनें कम आय वाले और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए हैं। ये बहुत सस्ती सेवा और बहुत उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी।

रेल मंत्री वैष्णव ने प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वंदे भारत रेक, अमृत भारत ट्रेन के कोच और विस्टाडोम डाइनिंग कार का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट के कर्मचारियों और श्रमिकों से भी बातचीत की। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत ट्रेन आम नागरिकों के लिए बनाई गई है। सामान्य कोच में किसी भी प्रीमियम कोच जैसी ही सुविधाएं हैं।

पिछले साल प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च की गई ट्रेन के अनुभव के आधार पर अमृत भारत का वर्जन 2 डिजाइन किया गया है, जिसमें कई नई खूबियां हैं। कपलर और पेंट्री कार की डिजाइन पूरी तरह से बदल दिया गया है। एयर विंडो का डिजाइन भी पूरी तरह से बदल दिया गया है। पूरा फोकस गरीब परिवारों और मध्यम वर्ग पर रखा गया है।

## बरेली में जांच की जद में 100 वक्फ संपत्तियां, सीएम योगी के इस बयान के बाद खलबली



बरेली (ए.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद बरेली जिले की 100 वक्फ संपत्तियां छानबीन और पैमाइश के घेरे में आ गई हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को आदेश का इंतजार है। माना जा रहा है कि जल्दी ही वक्फ बोर्ड के आदेश आएगा और इसके बाद अधिकारी जिले की वक्फ संपत्तियों के अभिलेखों से संपत्तियों की पैमाइश करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा था कि वक्फ के नाम पर जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। एक-एक इंच जमीन वापस ली जाएगी। इसी मामले में अब वक्फ संपत्तियों के बारे में पड़ताल होने के आसार हैं।

## विविध-समाचार



### पौष पूर्णिमा : स्नान-दान से मिलेगा विशेष पुण्य, करें सूर्य-चंद्रमा की पूजा, पीपल वृक्ष के पास करें ये कार्य

वाराणसी (ए.)। सूर्य के दक्षिणायन की पौष माह में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 13 जनवरी को है। पुनर्वसु नक्षत्र और एंद्र योग में श्रद्धालु गंगा स्नान व दान-पुण्य करेंगे और चंद्रमा को प्रिय पूर्णिमा और सूर्य का मास पौष का फल प्राप्त करेंगे। घरों में हवन पूजन व सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण करेंगे। पीपल वृक्ष की भी पूजा कर धन्य-धान्य की कामना करेंगे।

पौष पूर्णिमा तिथि 13 जनवरी को ही भोर में लग रहा है। आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि पौष पूर्णिमा तिथि 13 जनवरी को भोर में 4:33 बजे से अगले दिन 14 जनवरी को भोर में 3:42 बजे तक रहेगी। इसके बाद पुनर्वसु नक्षत्र और एंद्र योग में व्रत, पूजन-अर्चन करने का शुभ मुहूर्त रहेगा। पूर्णिमा तिथि पर चंद्रमा अपने पूर्ण आकार में होते हैं।

पौष पूर्णिमा पर दान का विशेष महत्व है। इस दिन काशी, प्रयागराज और हरिद्वार में गंगा स्नान का महत्व है। पौष पूर्णिमा पर पवित्र नदियों में स्नान और सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है। पौष का महीना सूर्य देव का माह है और पूर्णिमा चंद्रमा की तिथि है।

इसलिए सूर्य और चंद्रमा का अद्भुत संगम पौष पूर्णिमा तिथि है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के पूजन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में आने वाली बाधाएं दूर हो जाती हैं।

**ऐसे करें पूजन व नैवेद्य अर्पित**

पौष पूर्णिमा के दिन सुबह स्नान व्रत का संकल्प लें। सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दें। जरूरतमंद व्यक्ति या ब्राह्मण को भोजन कराकर दान-दक्षिणा दें। दान में तिल, गुड़, कंबल और ऊनी वस्त्र विशेष रूप से देना चाहिए। पौष पूर्णिमा के दिन चावल का दान करना शुभ होता है। पौष पूर्णिमा पर पीपल के वृक्ष पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है।

इस वृक्ष पर मीठा चढ़ाकर जल अर्पित करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। पौष पूर्णिमा के दिन चंद्रोदय के समय चंद्रमा को कच्चे दूध में चीनी और चावल मिलाकर ओम स्रां स्रीं स्रौं सः चन्द्रमसे नमः या ओम ऐं क्लीं सोमाय नमः मंत्र का जप के साथ अर्घ्य देना चाहिए। इससे आर्थिक समस्या खत्म होती है।

**आज पुत्रदा एकादशी का व्रत होगी श्रीहरि विष्णु की पूजा**

पौष मास में शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि पुत्रदा एकादशी शुक्रवार को है। इस दिन व्रती भगवान श्रीहरि विष्णु की विधि-विधान पूजन-अर्चन करेंगे और विष्णु मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे। ज्योतिषविद विमल जैन के अनुसार पौष शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि नौ जनवरी को दिन में 12:23 बजे लग रही है, जो 10 जनवरी को सुबह 10:20 बजे तक रहेगी।

उदया तिथि के अनुसार, एकादशी तिथि का मान 10 जनवरी मान्य है। इस दिन कृत्तिका नक्षत्र रहेगा। व्रत रखने वाले श्रद्धालु इस दिन स्नान-ध्यान कर अपने आराध्य देवों की पूजाकर पुत्रदा एकादशी व्रत का संकल्प लेना चाहिए। व्रती भगवान विष्णु की पूजा विधि-विधान से करेंगे। भगवान विष्णु के पूजन अर्चन से सुख-समृद्धि, आरोग्य के साथ संतान सुख की प्राप्ति होती है।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

## देश में जारी रहेगा सर्दी का सितम, ईरान से आने वाली हवाओं से उत्तर भारत में बढ़ेगी ठिठुरन

नई दिल्ली (ए.)। कड़ाके की सर्दी में कोहरे की दोहरी मार ने लोगों के लिए मुसीबत बढ़ा दी है। ठंडी हवाएं चलने की वजह से पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। जबकि पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी आफत बनीं हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले समय में और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पूर्वी हिस्से से आ रहा है और अगले 24-48 घंटों में यह उत्तर भारत को प्रभावित करेगा।

इन राज्यों में गिर सकते हैं ओले

उन्होंने बताया कि विक्षोभ के कारण पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश में आंधी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं, 12 जनवरी को पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश और आंधी का अनुमान है।



## वामिका गब्बी ने भूत बंगला के लिए शुरू कर दी शूटिंग, इस शहर में हैं सितारे, देखें बीटीएस मोमेंट्स



अभिनेत्री वामिका गब्बी अक्षय कुमार की भूत बंगला के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। वामिका इस फिल्म की शूटिंग के लिए जयपुर पहुंच गई हैं। उन्होंने सेट से अपना पहला लुक भी साझा किया है। वामिका ने अपना चेहरा कवर कर रखा है।

**साझा किए बीटीएस मोमेंट्स**

पहले ही खबरें आ चुकी हैं कि वामिका अक्षय कुमार की भूत बंगला में नजर आने वाली हैं। सेट से अब वामिका ने अपने बीटीएस मोमेंट्स शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा कि ये नहीं चाहते कि मैं अपना लुक नहीं दिखाउंगी।

**फिल्म में नजर आएंगी तब्बू**

जयपुर शेड्यूल में शहर के प्रतिष्ठित स्थानों पर कई आउटडोर शूटिंग शामिल होने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो तब्बू करीब 13 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के साथ इस फिल्म में काम करेंगी। इससे पहले दोनों ने साल 2000 में एक साथ फिल्म हेरा फेरी में काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी नजर आएंगे। फिल्म भूत बंगला की शूटिंग लगातार जारी है। हो सकता है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल, 2025 तक खत्म हो जाएगी।

# नेगेटिव किरदार नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता देते हैं : रेवा कौरसे

टीवी शो 'दीवानियत' में अलीशा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रेवा कौरसे ने बताया कि नकारात्मक भूमिकाएं आपको प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

रेवा ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अलीशा का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा है। वह कई परतों वाली एक जटिल भूमिका है और उसके डार्क पक्ष को तलाशना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा।

अभिनेत्री ने कहा, नकारात्मक भूमिकाएं आपको भावनाओं के साथ प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

बता दें, दीवानियत की मौजूदा कहानी में रेवा अलीशा का किरदार निभा रही हैं। धारावाहिक को काफी पसंद किया जा रहा है। कई ट्विस्ट कहानी में आ रहे हैं। ताजा एपिसोड में अलीशा का देव (मुख्य किरदार) के प्रति जुनून हताशा में बदलता दिख रहा है। देव और मन्नत के बीच के बंधन को स्वीकार करने में असमर्थ अलीशा देव का प्यार जीतने की चाह



में जोड़े के बीच दरार पैदा करने की ठान लेती है। अभिनेत्री ने अपने किरदार अलीशा को दिलचस्प बताया।

अभिनेत्री ने कहा, मैंने अलीशा के किरदार के साथ बहुत कुछ सीखा है और इससे एक कलाकार के रूप में मेरे में काफी निखार आया। मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है और मैं उसकी यात्रा को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूं।

'दीवानियत' की कहानी जीत और मन्नत के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके बीच प्रेम का रिश्ता है मगर उनके परिवारों के बीच झगड़ा या आपसी मनमुटाव है। दीवानियत का प्रीमियर 11 नवंबर 2024 को स्टार प्लस पर हुआ था। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

इस सीरीज में कृतिका सिंह यादव, विजयेंद्र कुमेरिया और नवनीत मलिक मुख्य भूमिका में हैं। यह तमिल सीरीज 'ईरामना रोजवे' का हिंदी रीमेक है। रेवा को प्यार का पहला अध्याय शिव शक्ति में निभाए किरदार के लिए भी जाना जाता है।

## रश्मिका मंदाना जिम वर्कआउट के दौरान हुईं चोटिल, जानें कैसा है हाल



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जिम में वर्कआउट करते समय चोटिल हो गईं। कथित तौर पर वह अपनी फिल्म 'सिकंदर' के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही थीं और फिर से शूटिंग शुरू करने से ठीक पहले उन्हें चोट लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका के एक करीबी सूत्र ने बताया कि उन्हें ठीक होने के लिए थोड़ा ब्रेक लेने की सलाह दी गई है।

**जिम वर्कआउट के दौरान लगी चोट**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका जिम वर्कआउट करते समय घायल हो गईं। रश्मिका के एक करीबी सूत्र ने बताया कि उन्हें ठीक होने के लिए थोड़ा ब्रेक लेने की सलाह दी गई है। सूत्र ने कहा, "रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आगामी परियोजनाओं की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। फिर भी, वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और बहुत जल्द सेट पर काम फिर से शुरू करेंगी।"

**आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कर रही रश्मिका**

मिड-डे की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सलमान और रश्मिका मुंबई में 'सिकंदर' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग करेंगे। हाल ही में सलमान खान के जन्मदिन पर फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था। टीजर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, "आप सभी की जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया.. बहुत-बहुत धन्यवाद। उम्मीद है कि आपको सिकंदर का टीजर पसंद आएगा..."

**रश्मिका मंदाना का वर्क फ्रंट**

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री को आखिरी बार अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2' में देखा गया था। 'पुष्पा 2' ने हाल ही में 1200 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर छुआ। इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई। उनके आगामी कार्यों की बात करें तो उनके पास आयुष्मान खुराना की 'थामा' और विक्की कौशल के साथ 'छावा' है।

# इमरजेंसी 17 जनवरी को देगी सिनेमाघरों में दस्तक




बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री और निर्देशिका कंगना रनौत है। एक्ट्रेस ने हाल ही में इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया, जो 1.50 मिनट का है और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है।

यह फिल्म पहले 2024 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सेंसर बोर्ड से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद इसे रोक दिया गया था। सेंसर बोर्ड के सुझावों के बाद फिल्म में कुछ संशोधन किए गए, जिसके बाद उसे सेंसर सर्टिफिकेट मिला। 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर में कंगना का इंदिरा गांधी के रूप में प्रदर्शन शानदार नजर आ रहा है। ट्रेलर की शुरुआत एक ताकतवर डायलॉग से होती है, जिसमें कहा जाता है, माननीय प्रधानमंत्रीजी जैसा कि हम सब देख रहे हैं कि आप कुर्सी नहीं एक शेर पर सवार हैं, जिसकी दहाड़ और हुंकार पूरे विश्व में गूंजती है। इसके बाद एक और डायलॉग है, "इमरजेंसी घोषित करने के लिए पूरी कैबिनेट की सहमति आवश्यक होती है इंदिरा जी.. मैं ही कैबिनेट हूं राष्ट्रपति जी।" ट्रेलर में एक और प्रभावशाली डायलॉग है, इंदिरा इज इंडिया, जो फिल्म के भावनात्मक और ऐतिहासिक पहलू को उजागर करता है।

कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी ट्रेलर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 1975, आपातकाल-भारतीय इतिहास का एक निर्णायक अध्याय। इंदिरा- भारत की सबसे पॉवरफुल वुमन। उनकी महत्वाकांक्षा ने देश को बदला, लेकिन उनके ृआपातकाल ने इसे अराजकता में डुबो दिया। यह फिल्म जी स्टूडियो और मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनी है, और कंगना ही इसके निर्माता और निर्देशक हैं। फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और सतीश कौशिक जैसे अभिनेता भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इमरजेंसी की रिलीज डेट पहले चार बार टाली गई थी। फिल्म में कुछ विवादित सीन को सिख संगठनों के विरोध के बाद हटाने का आदेश दिया गया था।

## बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 की पकड़ बरकरार, 35वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पैन इंडिया फिल्म पुष्पा 2: द रूल को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 35 दिन हो चुके हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाई थी, लेकिन 5वें हफ्ते में फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई. कलेक्शन में गिरावट के बावजूद, फिल्म ने एक स्थिर ग्राफ बनाए रखा है और आने वाले हफ्तों में बॉक्स ऑफिस के और भी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है.पुष्पा 2 न बॉक्स ऑफिस पर 35 दिन पूरे कर लिए हैं. इन 35 दिनों में इसने 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. यह कई अन्य नई फिल्मों की रिलीज के बीच भी अपनी पकड़ बनाए रखी. नाना पाटेकर की वनवास हो या वरुण धवन की बेबी जॉन, पुष्पा 2 के बाद रिलीज हुई किसी भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मौका नहीं मिला. फिल्म को थिएटर में आए एक महीने से ज्यादा हो गया है और अब फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है.सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने अपने 35वें दिनों में सभी भाषाओं में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 2.15 करोड़ रुपये नेट कलेक्शन किए हैं,

# दांतों को प्लाक और कैविटी जैसी समस्याओं से दूर रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



दांतों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना रोजमर्रा के जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। स्वस्थ दांत हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इनकी देखभाल में सही तरीके से ब्रश करना, माउथवॉश का उपयोग, चीनी का सेवन कम करना, डेंटिस्ट के पास नियमित जांच कराना और धूम्रपान व तंबाकू छोड़ना शामिल है।

इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं और अपनी मुस्कान को चमकदार बनाए रख सकते हैं।

### सही तरीके से ब्रश करें

दांतों की सफाई के लिए सही तरीके से ब्रश करना बहुत जरूरी है।दिन में कम से कम दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करें। ब्रश करते समय ध्यान रखें कि आप हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए ब्रश करें ताकि मसूड़ों को नुकसान न पहुंचे। टूथपेस्ट में फ्लोराइड होना चाहिए क्योंकि यह दांतों की सुरक्षा करता है और कैविटी बनने से रोकता है।

### माउथवॉश का उपयोग करें

माउथवॉश का उपयोग करने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं।

माउथवॉश आपके मुंह के उन हिस्सों तक पहुंचता है जहां ब्रश नहीं पहुंच पाता। इसे रोजाना इस्तेमाल करने से मसूड़ों की सूजन कम होती है और सांसें ताजा रहती हैं।ध्यान दें कि माउथवॉश का चयन करते समय उसमें अल्कोहल न हो क्योंकि यह मुंह को सूखा बना सकता है।

### चीनी का सेवन कम करें

चीनी हमारे दांतों के लिए हानिकारक होती है क्योंकि यह कैविटी पैदा करती है और दांतों की बाहरी परत को कमजोर कर सकती है।मीठे पेय पदार्थ, चॉकलेट या मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। अगर आप चीनी खाते भी हैं तो उसके बाद पानी पीकर मुंह साफ कर लें या फिर तुरंत ब्रश कर लें ताकि चीनी आपके दांतों पर ज्यादा देर तक न रहे और कैविटी का खतरा कम हो सके।

### नियमित रूप से डेंटिस्ट के पास जाएं

हर छह महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास जाकर अपने दांतों की जांच करवाना बहुत जरूरी होता है। इससे किसी भी समस्या का पता जल्दी चल जाता है और समय रहते उसका इलाज किया जा सकता है।

डेंटिस्ट आपकी ओरल हाइजीन को बेहतर बनाने के सुझाव भी देते हैं, जिससे आप अपने दांत लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

इसके अलावा नियमित जांच से दांतों की सफाई और मसूड़ों की सेहत पर ध्यान दिया जा सकता है।

### धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद छोड़ें

धूम्रपान और तंबाकू आपके दांतों को पीला कर देते हैं और मसूड़ों की बीमारियां पैदा कर सकते हैं। इनका सेवन छोड़ने से न केवल आपके दांत बल्कि पूरे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।अगर आपको इन आदतों को छोड़ने में कठिनाई हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह लें ताकि आप इन्हें आसानी से छोड़ सकें।इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

# पाताल लोक 2 का टीजर जारी, हाथीराम चौधरी बन लौट रहे जयदीप अहलावत

पाताल लोक सीजन 2 का मोस्ट अवेटेड टीजर रिलीज कर दिया गया है. जिसमें फैंस को जयदीप अहलावत के कैरेक्टर की एक झलक मिली. पुलिस ऑफिसर के रोल के लिए पहचाने जाने वाले हाथी राम को नए सीजन में और भी गहरे और खतरनाक वास्तविकताओं का सामना करना पड़ेगा है, जो अपराध, साजिश और भ्रष्टाचार की दुनिया में गहराई से उतरने का वादा करता है. पहले सीजन का प्रीमियर मई 2020 में हुआ जो अहलावत के शानदार प्रदर्शन और अपनी गहरी कहानी के चलते दर्शकों के बीच बहुत फेमस हो गया और दर्शक तब से ही दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. तो खेल खत्म, ऐसा थोड़ा ना होता है पाताल लोक में.पाताल लोक 2 के टीजर में हमें जयदीप अहलावत के कैरेक्टर को देखने का मौका मिलता है. जिसमें वह लिफ्ट में जाते हुए कहते हैं, एक कहानी सुनाऊं,




एक गांव मे एक आदमी रहता था जिसे कीड़ों से नफरत थी, कहता था सारी बुराईयों की जड़ कीड़े हैं. फिर एक दिन उसके घर के कोने से एक कीड़ा निकला जिसने उस आदमी को काट लिया. लेकिन हिम्मत करके उस आदमी ने उस कीड़े को मार दिया. बस फिर क्या था बंदा पूरे गांव का हीरो बन गया सबने उसे सर आंखों पर बैठा लिया. अगली कई रातें वह चैन से मुस्कुराते हुए सोया. फिर एक सुनसान रात में उसके बिस्तर के नीचे अनगिनत कीड़े थे. उसे क्या लगा था एक कीड़े को मार दिया.

इसके बाद टीजर खत्म हो जाता है लेकिन टीजर में जयदीप का लुक काफी खतरनाक है जो दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है. पाताल लोक सीजन 2 जो 17 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल होगा. हाथी राम और उनकी टीम के जीवन को गहराई से देखने के लिए तैयार हो जाइए. यह शो अपनी डार्क और सीरीयस कहानियों को लेकर फेमस है. अहलावत के अलावा सीजन 2 में इश्वाक सिंह, तिलोत्तमा शोम और गुल पनाग जैसे नए कलाकार शामिल हैं.

# मौत के जोखिम को कम करने के लिए इस समय पीएं कॉफी, अध्ययन में आया सामने

कई लोग अपनी दिन की शुरुआत कॉफी से करना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका हमारे शरीर पर कैसा असर पड़ता है ?इस बात का पता लगाने के लिए ही वैज्ञानिकों द्वारा कई तरह के अध्ययन किए गए हैं।हालांकि, नए अध्ययन में पाया गया है कि कॉफी पीने से मिलने वाले लाभ इस बात पर निर्भर करते हैं कि आप इसे कब पीते हैं।

### आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

कॉफी पीने के समय पर ध्यान देना है जरूरी- डॉक्टर लूएक अध्ययन के मुताबिक, अगर व्यक्ति कॉफी का सेवन सुबह के समय तक सीमित रखता है तो इससे समय से पहले मृत्यु आने का खतरा कम हो सकता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉक्टर लू क्यूई ने एक प्रेस रिलीज में कहा, यह कॉफी पीने का समय स्वास्थ्य परिणामों का परीक्षण करने वाला पहला अध्ययन है। हम अमूमन आहार के समय के बारे में सलाह नहीं देते, लेकिन शायद हमें इस बारे में सोचना चाहिए।

### कॉफी और बीमारियों का संबंध

इस अध्ययन के मुताबिक, प्रतिभागियों द्वारा समय के साथ कॉफी के सेवन की जांच करने वाले अधिकांश पिछले अध्ययनों में पाया गया है कि मध्यम स्तर की कॉफी की खपत टाइप-2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों और समय से पहले मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, लेखकों का कहना है कि आनुवंशिकी या अधिक कॉफी पीना जैसे कारक इस संबंधों को प्रभावित करते हैं या नहीं, इसके वैज्ञानिक प्रमाण विवादास्पद रहे हैं।

### इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन के लेखकों ने साल 1999 से 2018 तक आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वे से 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के 40,725 वयस्कों के आहार और स्वास्थ्य डाटा का अध्ययन किया। इसमें लेखकों ने लाइफस्टाइल वैलिडेशन स्टडी के महिला और पुरुष दोनों संस्करणों से 1,463 वस्यकों के एक उपसमूह को भी शामिल किया, जिन्होंने एक सप्ताह का आहार रिकॉर्ड पूरा किया था और इसमें कैफीनयुक्त और बिना कैफीन वाले पेय शामिल थे।

### सुबह के समय कॉफी पीने से इन चीजों का खतरा होगा कम

अध्ययन के लेखकों ने आहार रिकॉर्ड के साथ समय को तीन अवधियों में शामिल किया था, जिसमें सुबह 4 बजे से 11:59 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 04:59 बजे तक और शाम 5 बजे से सुबह 03:59 बजे थे।

इससे लेखकों ने पाया कि सुबह के समय कॉफी पीने से समय से पहले मृत्यु का जोखिम 16 प्रतिशत कम होता है और हृदय रोग से मरने का जोखिम 31 प्रतिशत तक कम होता है।

### निष्कर्ष के लिए लेखकों ने इन कारकों पर दिया ध्यान



लेखकों का कहना है कि पूरे दिन कॉफी पीने वालों में ये जोखिम कम नहीं दिखे।

इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए लेखकों ने नींद के घंटे, उम्र, लिंग, पारिवारिक आय, शिक्षा, शारीरिक गतिविधि के स्तर, आहार समेत मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल आदि स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखा है। हालांकि, कॉफी पीने वाले रोजाना सिर्फ एक कप कॉफी पीएं, तभी उससे आपको भरपूर फायदे मिलेंगे।

## जोकोविच का दावा कि ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान उन्हें जहर दिया गया था

*मेलबर्न, (ए)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के वीज़ा विवाद के समय हिरासत के दौरान उन्हें जहरीला खाना खिलाया गया था, इससे पहले कि उन्हें सीज़न के पहले मेजर की पूर्व संध्या पर निर्वासित कर दिया गया।*

*24 बार के मेजर विजेता का 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया के कोविड-19 प्रवेश नियमों और उनके बिना टीकाकरण की स्थिति के कारण वीज़ा रद्द कर दिया गया था। उन्हें शुरू में वीज़ा छूट दी गई थी, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इसे रद्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मेलबर्न के एक होटल में शरणार्थियों के साथ हिरासत में रखा गया। जोकोविच ने जीक्यू को बताया, मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था जिससे मुझे ज़हर हो गया था। जब मैं सर्बिया वापस आया तो मुझे कुछ पता चला। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया... मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत ज़्यादा था। मेरे शरीर में सीसा और पारा का स्तर बहुत ज़्यादा था।सर्ब ने आगे कहा कि 2022 के विवाद के बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, 12 महीने बाद, वह खिताब जीतने के लिए मेलबर्न लौट आए।*

*उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में ऑस्ट्रेलिया या दुनिया के दूसरे देशों में मिलने वाले बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग मेरे पास आए और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगी, क्योंकि उस समय वे अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे।*

# 14 जनवरी से इंडिया ओपन से वापसी करेंगी सिंधु



नई दिल्ली (ए)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु 14 जनवरी से शुरु हो रहे योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 में खेलती हुई नजर आयेंगी। ये शादी के बाद सिंधु का पहला टूर्नामेंट होगा। उनकी पिछले माह दिसंबर में शादी हुई थी। इंडिया ओपन सुपर 750 के तीसरे संस्करण में भारत सहित दुनिया भर के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। पीवी सिंधु ने अंतिम बार सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में भाग लिया था।सुपर 750 भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मुख्य प्रतियोगिता रही है। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेल्सन, एन से यंग और विश्व नंबर एक खिलाड़ी शि यूकी भी खेलते हुए दिखेंगे। ये टूर्नामेंट शुरुआत से से डीडब्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा रहा है, जहां पर विजेता को 9,50,000 यूएस डॉलर की धनराशि और 11000 अंक मिलते हैं, टूर्नामेंट के इस तीसरे सत्र में भारत के ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं पिछले दो सीजनों में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस सत्र में पुरुष युगल में एशियन गोल्ड मेडलिस्ट सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एशियन गेम्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय पर सभी की निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी। पुरुष एकल- लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय, प्रियांशु राजावतमहिला एकल- पीवी सिंधु, मालविका बंसोद, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप पुरुष युगल- चिराग शेट्टी/सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, के साइ प्रथीक/पृथ्वी के रॉय

### कुहनेमैन ने ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय तस्मानिया को दिया

*नई दिल्ली,(ए)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने घरेलू क्रिकेट सर्किट में तस्मानिया में शामिल किए जाने को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय दिया है।*

*कुहनेमैन ने 2023 की शुरुआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और एक बार पांच विकेट भी लिए थे। लेकिन उसके बाद, उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उन्होंने 2023/24 शेफील्ड शील्ड सीजन बिना किसी मैच के ही खेल लिया, क्योंकि क्वींसलैंड ने लेग स्पिनर मिशेल स्वेप्सन को अपना मुख्य स्पिनर बना लिया था। परिणामस्वरूप, कुहनेमैन 2024/25 सीजन से पहले तस्मानिया चले गए और छह शेफील्ड शील्ड मैचों में खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए - जिनमें से नौ विकेट होबार्ट में उनके नए घरेलू मैदान पर आए, जो स्पिनरों के लिए चुनौतीपूर्ण स्थान है।*

## तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

मुंबई, (ए)। मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी।

सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है।

मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं।इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं।

समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे।

## दिनेश कार्तिक ने रोहित शर्मा को दिया गच्चा, पैट कमिंस को बताया मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ कप्तान

नईदिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं. रोहित शर्मा के बल्ले से रन तो नहीं ही निकले रहे हैं. बतौर कप्तान भी वे अपने निर्णयों से प्रभावित करने में असफल रहे हैं. इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए आखिरी टेस्ट से वे बाहर भी रहे थे. अब दिनेश कार्तिक ने भी रोहित की कप्तानी पर सवाल उठा दिया है।

रोहित शर्मा सिर्फ अपनी बल्लेबाजी नहीं बल्कि अपनी कप्तानी को लेकर भी आलोचना के घेरे में हैं. इसके बावजूद उन्हें बेहतर कप्तान मानने वाले और बताने वालों की संख्या करोड़ों में है लेकिन पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की सोच इससे बेहद अलग है. दिनेश रोहित शर्मा को मौजूदा समय का बेस्ट कप्तान नहीं मानते. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ कप्तान माना है।

दिनेश कार्तिक द्वारा पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया जाना कहीं न कहीं आंकड़ों के दृष्टिकोण से सही है. कमिंस जब भी बतौर कप्तान रोहित शर्मा के सामने आए हैं विजेता बनकर उभरे हैं. वनडे विश्व कप 2023 फाइनल, डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल और बीजीटी 2024-25 इसका उदाहरण है. कमिंस की कप्तानी में इन हर बड़े मौकों पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात दी है।

कमिंस वनडे विश्व कप, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, डब्ल्यूटीसी जीत चुके हैं. ऐसे में उनका अगला लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी है. लेकिन कमिंस के बारे में खबर ये आई है कि वे टखने की चोट से परेशान हैं. अगर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पूरी तरह कमिंस फिट नहीं होते तो वे इस मेगा इवेंट से बाहर हो सकते हैं. ये ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका होगा वहीं दूसरे देशों खासकर भारत के लिए राहत वाली बात होगी. पैट कमिंस ऐसे खिलाड़ी हैं जो हर मुश्किल से टीम को निकालने में सक्षम हैं।

## ढ़ोंगी है गौतम गंभीर..., पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी के विवादित बयान से मचा तहलका

नईदिल्ली(ए)। भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इस वक्त निशाने पर हैं. तमाम पूर्व क्रिकेटर्स उनकी कोचिंग स्टाइल पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि उनके कार्यकाल में टीम इंडिया को एक के बाद एक करारी हार मिल रही है. वहीं, अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गंभीर को लेकर एक विवादित बयान दे दिया है. उनका कहना है की गंभीर ढ़ोंगी हैं...

पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया का हेड कोच नियुक्त किया गया. उनकी कोचिंग में पहले तो भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घर पर हार गई. फिर लगातार 4 बार बॉर्डर-गावस्कर जीतने वाली भारतीय टीम बीजीटी भी हार गई. इस तरह के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गौतम गंभीर की कोचिंग सवालों के घेरे में आ गई है. पूर्व क्रिकेटर मनीज तिवारी ने उन्हें लेकर एक विवादित बयान देते हुए गंभीर को ढ़ोंगी करार दिया है।

उन्होंने कहा, आप लोग सोच रहे होंगे की मैंने उन्हें ढोंगी क्यों कहा? इसकी वजह एक इंटरव्यू है. अगर आपको याद हो तो एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था की ये सभी विदेशी कोच, सभी जो बाहर से आते हैं, उनमें फीलिंग्स नहीं होती, उनके पास फीलिंग नहीं होती. वो पैसा कमाते हैं और मजे करते हैं. हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने सपोर्ट स्टाफ के रूप में 2 विदेशी कोचों को चुना, जो उनके साथ आईपीएल में काम कर चुके थे. उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल को अपने साथ जोड़ा।

इस कारण गौतम गंभीर पर नाराज मनोज तिवारी ने आगे कहा, जब उनके पास सभी भारतीय कोच और सभी भारतीय मूल के सपोर्ट स्टाफ को चुनने का मौका था, तो उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल का नाम क्यों आगे बढ़ाया? उन्हें वो सब मिला जो उन्हें चाहिए था लेकिन फिर भी वह नतीजा नहीं दे पा रहे हैं. उनकी हरकतें उनके शब्दों से मेल नहीं खातीं, इसलिए मैंने उन्हें ढोंगी कहा।

## अब कराची और लाहौर में होगी त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज : पीसीबी

लाहौर (ए)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मुल्तान में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज को अब कराची और लाहौर में स्थानांतरित कर दिया है। पीसीबी का कहना है कि इस सीरीज से 19 फरवरी से कराची में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी का अच्छा अवसर मिलेगा। वहीं पीसीबी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां जोरों पर हैं और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में सुधार कार्य समय सीमा से पहले या उसके आसपास पूरा हो जाएगा। इसलिए इस मामले को लेकर किसी प्रकार की अटकलें नहीं लगायी जानी चाहिये। पीसीबी ने कहा, 'गद्दाफी स्टेडियम और नेशनल बैंक स्टेडियम में तैयारियों के अग्रिम चरण को देखते हुए पीसीबी ने आगामी त्रिकोणीय वनडे सीरीज को इन दो स्थलों पर आयोजित करने का फैसला किया है। पहले ये सीरीज मुल्तान में होनी थी। यह फैसला इसलिए किया है जिससे कि उन्नत स्टेडियमों की तैयारी बेहतर तरीके से हो।




# बुमराह को बनाये अगला कप्तान : गावस्कर

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि बुमरान में नेतृत्व क्षमता है और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ये बात एक बार फिर साबित हुई है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट में जीत भी दर्ज की थी। गावस्कर ने कहा कि बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी हासिल किया। बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छे तरीके से निभाई । पहले भी वह कार्यवाहक कप्तान के तौर पर काम कर चुके हैं। रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट से हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई पर पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। गावस्कर के अलावा कई और लोगों ने भी बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का भावी कप्तान बताया है। गावस्कर ने कहा कि बुमराह एक लीडर की तरह काम करते हैं पर अपने साथियों पर दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। अंदर एक बहुत नेतृत्व कर्ता की अच्छी छवि है पर वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डाले जबकि कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो




आप पर बहुत दबाव डालते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा कि कि कैसे उन्होंने मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार बाकी तेज गेंदबाजों को जरुरी सुझाव दिये। गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं पर वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं। मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे।



## नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में 7.1 तीव्रता के भूकंप के बाद 1,211 झटके किए गए महसूस

ल्हासा (ए)। नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में इस सप्ताह के शुरू में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप के बाद गुरुवार दोपहर 3 बजे तक कुल 1,211 झटके महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

क्षेत्रीय भूकंप ब्यूरो के अनुसार, सबसे बड़ा झटका 4.4 तीव्रता का था, और यह 7.1 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र से लगभग 18 किलोमीटर दूर आया। ब्यूरो ने यह भी बताया कि 33 झटकों की तीव्रता 3 से अधिक थी।

मंगलवार को आए 7.1 तीव्रता वाले भूकंप में 126 लोगों की जान चली गई और 188 अन्य घायल हो गए। कुल 407 फंसे हुए लोगों को बचाया गया है।

चीन की रेड क्रॉस सोसाइटी (आरसीएससी) ने मंगलवार रात को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का दूसरा बैच आवंटित किया, जिसमें सूती टेंट, रजाई और फोल्डिंग बेड जैसी 4,300 वस्तुएं शामिल थीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आरसीएससी द्वारा 50 से अधिक बचावकर्मियों को भी क्षेत्रों में भेजा गया, जो आपातकालीन सेनेटरी शौचालय, खानपान वाहन और कैंपर वाहन के अलावा अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया आपूर्ति लेकर आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप मंगलवार सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई थी।

# हम ट्रंप की टैरिफ धमकी का जवाब देंगे, कुछ साल पहले हम कर चुके हैं ऐसा : ट्रूडो



ओटावा ,(ए)। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी को साकार रूप देते हैं तो उनकी सरकार भी इसका जवाब देगी।

सिन्हुआ ने ट्रूडो के एक साक्षात्कार को आधार बनाकर अपनी बात रखी। ट्रूडो ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम इसका जवाब देंगे, जैसे हमने कुछ साल पहले किया था, जब ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाया था। हमने हेंज केचप, ताश के पत्ते, बॉर्बन, हार्ले डेविडसन और ऐसी अन्य चीजों पर टैरिफ लगाकर इसका जवाब दिया, जो अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती थीं।

उन्होंने कहा कि ट्रंप एक बहुत अच्छे वार्ताकार हैं। टैरिफ के असर को कम करने के लिए कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात का इस्तेमाल कर रहे हैं।

ट्रूडो ने कहा, अमेरिकी उपभोक्ता जो भी कनाडा से खरीदेंगे, वह अचानक बहुत महंगा हो जाएगा और यह एक ऐसी बात है जिस पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि कनाडाई अधिकारी अमेरिकी उत्पादों की एक सूची तैयार कर रहे हैं, जिन पर जवाबी शुल्क लगाया जाएगा, क्योंकि कनाडा को अमेरिकी शुल्कों का जवाब देना पड़ा।

ट्रंप ने कहा था, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयात होने वाली सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।

इससे पहले अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को मिलाने के लिए इकोनॉमिक फोर्स यानि आर्थिक ताकत का इस्तेमाल करने की बात कही थी। ट्रंप कनाडा को अक्सर 51वां राज्य कहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सुझाव के समर्थन में अमेरिका द्वारा प्रदान की गई सैन्य सहायता और दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे जैसे कारणों का हवाला दिया।

## पोलियो वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के बिना पाकिस्तानी यात्रियों की नहीं होगी एंट्री : सऊदी अरब

इस्लामाबादा ,(ए)। सऊदी अरब की यात्रा करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए पोलियो टीकाकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है। सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीएसीए) ने यह घोषणा की है।

जीएसीए के अनुसार, नवीनतम निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर दंड और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान दुनिया के अंतिम दो पोलियो-स्थानिक देशों में से एक बना हुआ है।

देश में पोलियोवायरस के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। 2024 में इस अपंग करने वाली बीमारी के 68 मामले सामने आए थे।पिछले कई वर्षों से देश में पोलियो वायरस के प्रसार को रोकने में पाकिस्तान सरकार की नाकामी पर सवाल उठते रहे हैं। विशेष रूप से अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों को लेकर जहां पोलियो टीकाकरण अभियान को हिंसा का सामना करना पड़ा और स्वास्थ्य कर्मियों की मौतें भी हुईं।

## लॉस एंजिल्स आग : भीषण तबाही के बीच लूटेरों ने मचाया आतंक, 20 गिरफ्तार

लॉस एंजिल्स ,(आरएनएस)। लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयानक आग बढ़ती ही जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेज हवाएं आग को और भड़का सकती हैं। इस बीच क्षेत्र में लूटपाट के मामले सामने आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने लूटपाट की खबरों के बीच कहा कि मंगलवार को पहली आग लगने के बाद से आपदा क्षेत्रों में लगभग 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लूना ने वादा किया है कि वह क्षेत्र में गश्त बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारी - जिन्हें जल्द ही कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के सैनिकों का भी साथ मिलेगा, निकासी क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को सक्रिय रूप से रोकेंगे।लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ ने कहा, जब हमारे पास कानून के तहत निकासी का आदेश होता है और ऐसे में आप उस क्षेत्र में रहते हैं, तो आप दोषी हैं और अगर आप कुछ आपराधिक काम करते हैं, तो यह एक गंभीर मामला बन सकता है।लूना ने कहा, अगर आप ऐसे किसी एक इलाके में हैं और आप वहां के नहीं हैं, तो आपको गिरफ्तार किया जा सकता है।

इस बीच सांता मोनिका शहर ने अराजकता के कारण कर्फ्यू घोषित कर दिया है।आग की वजह से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। लाखों लोग घर छोड़ने पर मजबूर हुए है जिनमें अमेरिकी फिल्म जगत की कई हस्तियां भी शामिल हैं क्योंकि आग ने हॉलिवुड हिल्स को भी अपने चपेट में ले लिया है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स में लगभग 100,000 घर, दफ्तर बिना बिजली के हैं। फायर फाइटिंग टीम को उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक हवा और शुष्क मौसम की स्थिति बनी रहेगी, जिससे आग बुझाना और मुश्किल हो सकता है। यदि हवाएं बहुत तेज होंगी, तो फायर फाइटिंग एयरक्राफ्ट उड़ान नहीं भर पाएंगे।

# अराकान आर्मी पर म्यांमार सेना के हवाई हमले में 40 की मौत, कई घायल


### -2021 में सूची सरकार के जाने बाद से देश में छिड़ा है गृहयुद्ध



रंगून,(ए)। म्यांमार सेना ने अराकान आर्मी पर हवाई हमला किया है, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला पश्चिमी रखाइन प्रांत के एक गांव में किया गया, जो बांग्लादेश से सटा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार की सेना और अराकान आर्मी के बीच रखाइन प्रांत पर कब्जे को लेकर लगातार संघर्ष जारी है। अराकान आर्मी ने रखाइन प्रांत के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर रखा है। अराकान आर्मी ने सितवे पर कब्जे के लिए लगातार हमले किए हैं, जिससे यह स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। म्यांमार में 2021 में आंग सान सू ची की सरकार को हटाने के बाद से देश गृहयुद्ध की आग में जल रहा है।अराकान आर्मी के प्रवक्ता ने बताया कि म्यांमार की सेना का एक विमान रामरी द्वीप पर स्थित क्याउक नी माव गांव में हमला किया। यह हमला दिन में किया गया। हमले में 500 घरों में आग लग गई और 40 से ज्यादा लोग मारे गए। इस हमले में 20 लोग घायल हुए हैं, वहीं बचाव ग्रुप के सदस्य के मुताबिक मारे गए लोगों की संख्या 41 और घायलों की संख्या 52 है। उन्होंने बताया कि दवाओं की कमी के कारण घायलों का इलाज नहीं मिल पा रहा है। रूस ने 28 दिसंबर को 6 सुखोई-30एसएमई फाइटर जेट म्यांमार को दिए हैं। यह सौदा 2018 में हुआ था, जिसके तहत रूस ने 40 करोड़ डॉलर में यह लड़ाकू विमान म्यांमार को दिए। इन विमानों के मिलने के बाद म्यांमार की सेना ने अराकान आर्मी के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं। अराकान आर्मी ने रामरी कस्बे पर कब्जा कर लिया है, जो म्यांमार के पश्चिमी तट पर स्थित है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रखाइन प्रांत के 17 कस्बों में से 14 पर अब अराकान आर्मी का कब्जा हो चुका है, जबकि म्यांमार सेना इन इलाकों पर हवाई हमले कर रही है।

## भिखारियों और अपराधियों सहित 258 पाकिस्तानियों को सात देशों ने भेजा स्वदेश

कराची ,(ए)। पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। पिछले 24 घंटों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सदाबहार दोस्त चीन सहित सात देशों ने 258 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया है।



पाकिस्तानी इमिग्रेशन अधिकारियों के अनुसार, कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे 258 लोगों में से 244 को आपातकालीन यात्रा दस्तावेजों के आधार पर निर्वासित किया गया। 14 के पास वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट थे।

केवल 16 निर्वासितों को संदिग्ध पहचान के कारण गिरफ्तार किया गया, बाकी को केवल पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया।

पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल जियो न्यूज ने बताया कि सऊदी अरब ने 232 लोगों को निर्वासित किया, जिनमें सात भिखारी, बिना परमिट के हज करते पकड़े गए लोग और अपनी सजा पूरी करने के बाद वापस भेजे गए लोग शामिल हैं। इसके अलावा वे पाकिस्तानी शामिल हैं- जो देश में तय समय सीमा से ज्यादा समय तक रुके थे या बिना किसी कारण के या अपने वीजा की वैधता से अधिक समय तक काम करते पाए गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी एजेंसियों ने 112 लोगों को उनके प्रायोजकों की शिकायतों की वजह से वापस भेजा और 63 लोगों पर अन्य आरोप लगे थे।

## ब्राजील में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत सात घायल

साओ पाओलो (आरएनएस)। ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाओलो के पर्यटक शहर उबातुबा के समुद्र तट के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं सात लोगों के घायल होने की खबर है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वाला पायलट था। पायलट ने गुरुवार को उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन वह गति को रोक नहीं सका और हवाई टर्मिनल की सुरक्षा बाड़ को पार कर गया।अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विमान में सवार सभी चार यात्री सुरक्षित हैं, जिनमें दो वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं।दुर्घटना के कारण क्रूज़ेरो बीच के सैरगाह पर तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए।उबातुबा हवाई अड्डे की रियायतकर्ता कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि मौसम की स्थिति ठीक नहीं थी। बारिश और गीले रनवे के कारण यह दुर्घटना हुई। ब्राजीलियाई वायु सेना ने कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तकनीशियनों और विशेषज्ञों को घटनास्थल पर भेजा गया था।इससे पहले 24 दिसंबर, 2024 को ब्राजील के साओ पाउलो राज्य के एक आवासीय क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नाबालिग सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी।विमान एक सिंगल-इंजन आरवी-10 था जिसमें एक पायलट और तीन यात्रियों के बैठने की जगह थी। सितंबर (2024) की शुरुआत में एक अलग घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए थे जब उत्तरी ब्राजील के अमेज़ॅनस राज्य के अंतर्देशीय शहर बार्सेलोस में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा



सीहोर (निप्र)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका के कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, राजस्व सभापति अजयपाल राजपूत के समक्ष टीम के लीडर आकाश शुक्ला, अभिषेक रेकवार और राजस्व से जीवन सिंह दांगी आदि ने इस संबंध में एप्लीकेशन की बारीकियों से अवगत किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ई-नगर पालिका के पार्टल मैनेजर जीवन सिंह दांगी ने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 के जरिए 22 नागरिक सेवाएं दी जा रही हैं। इसमें 15 मॉड्यूल शामिल हैं। ई-नगर पालिका को अलग-अलग विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग और भारत सरकार के अहम मोबाइल एप्लीकेशन से भी जोड़ा गया है। नए पोर्टल में एक मॉड्यूल सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें जीआईएस आदि सुविधा शामिल की गई है। उन्होंने बताया कि ई-नगर पालिका 1.0 जोकि वर्ष 2015-16 में चालू किया गया था। गत वर्ष 22 दिसंबर 2023 को पोर्टल हैक हो जाने के कारण पोर्टल एवं सर्वर ठीक से चल नहीं पा रहा था। मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन द्वारा नवीन पोर्टल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आरंभ दिया गया है जिसे शुल्क जमा करने के लिए तैयार किया गया है, नए पोर्टल में उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यूपीआई केस चेक द्वारा भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नया पोर्टल आज दिनांक से लाइव हो गया है जिसके माध्यम से आम उपभोक्ता संपत्ति कर एवं जलकर पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि यह परियोजना डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और नागरिकों को पारदर्शी तरीके से सेवाएं देने के मकसद से तैयार की गई है।मिली जानकारी के अनुसार, ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर के जरिये सभी नागरिक सेवाओं, जन शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य प्रणाली, हर तरह के भुगतान व बजट प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम में लाया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को एक पोर्टल पर लाया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर, एम ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगर पालिका 2.0 को जोड़ा जाएगा। .अब नए पोर्टल को क्लाउड पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसके लिए करोड़ों रुपए से ई-नगरपालिका 2.0 का काम पूरा कर लिया है। इसमें तकनीक से किसी बिल्डिंग परमिशन के मामले में सैटेलाइट इमेज की मदद से ये भी पता लगाया जा सकेगा कि कोई भवन कितनी जमीन पर और कितने फ्लोर तक बना है। यही सॉफ्टवेयर डेटा का विश्लेषण करने में भी मदद करेगा कि किसी शहर के किस इलाके में वसूले गए टैक्स का पैटर्न क्या है। पोर्टल की लॉन्चिंग कुछ सुविधाओं के साथ की गई है फिर लोगों की सहूलियत के अनुसार समय-समय पर इसमें नई सुविधाएं जोड़ी जाती रहेंगी।

## जिले के सभी प्राइमरी स्कूलों में एनएलएन मेला 11 जनवरी को

### कलेक्टर ने की अभिभावकों से मेले में शामिल होने की अपील

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कक्षा पहली से कक्षा तीसरी तक पढ़ने वाले सभी बच्चों के अविभावकों से निपुण भारत मिशन के तहत 11 जनवरी को प्रात: 10 बजे से सभी प्राइमरी स्कूलों में आयोजित होने वाले आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) मेले में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बच्चों के अविभावकों से अपील करते हुए कहा कि एफएलएन मेले में कक्षा पहली से कक्षा तीसरी तक के बच्चों के अविभावक अपने बच्चों के साथ अवश्य आएं एवं अपने बच्चों की शिक्षा प्रगति एवं शिक्षक द्वारा पढ़ाए जाने की प्रक्रिया का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के अविभावक यदि पूर्ण जागरूक होंगे तथा शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करेंगे तो बच्चे निश्चित ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत सीहोर जिला तेजी से कार्य कर रहा है। बच्चों के अविभावकों की जागरूकता एवं उनके सहयोग से इस मिशन को पूर्ण सफल बनाया जा सकता है।

## भगवा ध्वज से सजे बाजार, बिक्री हुई

# अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आज निकलेगी प्रभात फेरी

### सवा 5 लाख श्रीराम का होगा नाम जप, बंटेगी सौभाग्य सामग्री और बरकत



सीहोर (निप्र)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे नगर के रामभक्तों में अपार उत्साह है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में 11 जनवरी शनिवार को मनाया जा रहा है। छावनी उत्सव समिति ने इस अवसर पर प्रभात फेरी और बधाई गीत के आयोजन रखे हैं। अनेक मंदिरों में इस दिन विशेष आरती की जायेगी। बाजार में भगवा ध्वज की दुकाने सज गई हैं।इस वर्ष 11 जनवरी को पढ़ रही श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी अयोध्या के साथ ही पूरे देश में मनाई जा रही है। इस दिन घरों पर नये भगवा ध्वज लगाने और शाम को 5 दीपक से रोशनी करने का आव्हान हिन्दु संगठनों और अयोध्या मंदिर समिति न्यास द्वारा किया गया है। इसी के चलते शहर में अनेक दुकानों पर भगवा ध्वज सज गये हैं और बड़ी संख्या में लोग इन्हे खरीद रहे हैं।

### सवा 5 लाख राम नाम जाप और बधाई गीत

इधर छावनी उत्सव समिति और सीता वाहिनी छावनी द्वारा 11 जनवरी को सुबह 7 बजे से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जिसमें राम जी भजनों के साथ राम नाम का सवा 5 लाख जाप भी किया जायेगा।

जगदीश मंदिर छावनी में भी शाम को आयोजन रखा गया है यहाॅ भगवान श्रीराम का झूला सजेगा और बधाई गीत गाये जायेंगे। यहाॅ भगवान के 108 नामों से पूजा-अर्चना भी रखी गई है। छावनी उत्सव समिति ने बताया कि यहाॅ महिलाओं को जानकी का सौभाग्य सिंदूर और सभी को श्रीराम जी के भंडार से बरकत का वितरण किया जायेगा।

### प्रभात फेरी में आने के लिये दिया निमंत्रण

छावनी उत्सव समिति और सीता वाहिनी के सदस्यों द्वारा कल छावनी में सभी भक्तों से मिलकर उन्हे प्रतिष्ठा द्वादशी पर प्रभात फेरी और बधाई गीत कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये निमंत्रण भी दिया।

# आज मनाया जाएगा भगवान गणेश उत्सव

### धर्म, कर्म और हमारा व्यवहार ही हमारे साथ जाता है-पंडित राहुल कृष्ण आचार्य



सीहोर (निप्र)। भगवान शिव और राम आदि के नाम जाप से हमें धर्म का लाभ प्राप्त होता है। आज सनातन धर्म के लिए जागरुकता की आवश्यकता है। धर्म, कर्म और हमारा व्यवहार ही हमारे साथ जाता है। हमारी कमाई हुई संपत्ति और धन यहीं रह जाएगा। इसलिए धर्म को धन मानो। क्योंकि जो धर्म को धन मानते हैं उन्हें राम मिलते हैं। उक्त विचार शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में जारी सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ जी की आंख और मन केवल धर्म को देखते थे तो उन्हें पुत्र के रूप में प्रभु श्री राम मिले और रावण धन को धर्म मानता था जिसे राम तो मिले लेकिन काल के रूप में।

कथा वाचक पंडित राहुल ने कहा कि राजा दशरथ को उनके पुण्य कर्मों का फल मिला और प्रभु श्री राम के रूप में भगवान नारायण ने उनके यहां जन्म लिया। रावण भी बड़ा प्रतापी था और महान शिव भक्त भी था, लेकिन वह अहंकारी था। रावण को प्रभु श्री राम तो मिले, लेकिन काल के रूप में जो जीते जी प्रभु को नहीं पहचान पाया। धर्म को धन और अच्छे आचरण के साथ जरूरतमंदों की सेवा को अपनी संपत्ति समझो, जिसे जितना हो जमा करो। ईश्वर यही देखता है बाकी उसे आपके वैभव और संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं होता।

आज से और अभी से अपने खाते को अच्छे कर्मों से भरना शुरू कर दो, तो आपका जीवन धन्य हो जाएगा। भगवान राम जब लंका पर विजय प्राप्त करके लौट रहे थे तो उन्होंने गंधमादन पर्वत पर विश्राम किया और वहां पर ऋषि मुनियों ने श्रीराम को बताया कि रावण एक ब्राह्मण था। उसका वध करने से उन पर ब्रह्महत्या का दोष लगा है, जो शिवलिंग की स्थापना करके ही दूर हो सकता है।

# आयकर विभाग के द्वारा कार्यशाला आयोजित

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार आयकर विभाग द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आयकर विभाग की कार्यप्रणाली के संबंध में आउटरीच कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को आयकर के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि विभिन्न करदाताओं द्वारा आयकर विवरणियां में दी जाने वाली जानकारियों, विवरणी दाखिल करते समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं आय की गलत जानकारियां देने पर आयकर प्रावधानों के अंतर्गत की जाने वाली संभावित कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला आयकर अधिकारी गोविन्द खण्डेलवाल, जिला कोषालय अधिकारी आरके जाटव, सहा. कोषालय अधिकारी अनिल पाटीदार, सहायक पेंशन अधिकारी विजेंद्र कुमार पुष्पद, अनिरूद्ध ढ़ोके, हिमांशु गुप्ता, योगेश कुमार, शुभम सोनी, दिलीप मीणा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### *बाबा रामदेवजी की कथा अदभुत शक्ति का संचार करती है : जसपाल सिंह अरोरा*

*सीहोर (निप्र)। नगर में पहली बार बाबा रामदेवजी की कथा का आयोजन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। बाबा रामदेवजी की कथा व्यक्ति के जीवन में अद्भुत शक्ति का संचार करती है। बाबा रामदेव की लीलाएं अपरंपार हैं। ये बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे भी नगर के मां शारदा गार्डन में चल रही बाबा रामदेवजी की कथा का श्रवण करने पहुंचे थे। इस मौके पर श्री अरोरा ने व्यास पीठ का पूजा-अर्चन किया एवं कथा वाचक पंडित जितेंद्रिय जी महाराज वशिष्ठ का शॉल, श्रीफल भेंटकर, माला पहनाकर सम्मान भी किया।*

### *युवा दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में होंगे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित*

*सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को प्रात: 9 बजे से 10:30 तक सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी कार्यक्रमों में आकाशवाणी के माध्यम से प्रात: 9:30 बजे से 10:15 बजे तक राष्ट्रगीत, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण किया जाएगा।*

## मुख्यमंत्री 12 जनवरी को लाड़ली बहनों के खाते में जनवरी माह की राशि अंतरित करेंगे

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 12 जनवरी को शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की जनवरी माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिलें में ग्रामीण स्तर एवं विकासखंडस्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किए जाएंगे। आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रमों में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलायें, लाडली बहना सेना तथा शौर्य दल की सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की महिलायें शामिल होंगी। आयोजित कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण के तहत जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पहले एंव पश्चात स्थानीय खेलों जैसे गुल्ली डंडा एवं पतंग आदि का आयोजन किया जायेगा जिसमें पतंग उडाने में चाइनीज मांझे का उपयोग प्रतिबंधित होगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के पहले ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर महिला सशक्तिकरण थीम एवं मकर संक्रांति पर रंगोली, लोक गीत एवं लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।




# लव जिहाद के विरोध में आक्रोश में सड़कों पर उतरा हिंदू समाज




सीहोर (निप्र)। फैल रहे है लव जिहाद के विरोध में आज सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष और सनातन धर्म के युवा आज सड़क पर उतर गए जिस प्रकार जिहादियों द्वारा हिंदू बहन बेटियों को लव जिहाद में फसाया जा रहा है इसका विरोध के लिए आज कोतवाली चौराहा पर सैकड़ो हिंदू समाज की माता बहने सड़क पर उतरकर सलाउद्दीन जैसे जिहादियों का विरोध कर रही थी और नारे लग रहे थे की लव जिहाद नहीं चलेगा साथ में क्रांतिकारी संत कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक ने इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर संपूर्ण मातृशक्ति से अपील करी के हमारे हिंदू समाज की बहन बेटियों को इन जिहादियों से दूर रहना चाहिए यह हमारे हिंदू बहन बेटियों को नाम बदलकर फास्ट हैं फिर इसे विवाह करके जबरन धर्मांतरण करते हैं और संपूर्ण हिंदू समाज इसका विरोध करता है संपूर्ण संत समाज हिंदू युवा माता बहने इन जिहादियों के खिलाफ आक्रोश में हैं यदि शासन प्रशासन इन लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं करता है तो फिर संपूर्ण सीहोर नगर सड़क पर उतरकर इन लोगों का विरोध करेगा आज बड़ी संख्या में माता बहने युवा लव जिहाद के विरोध में नारे लगाते हुए इंग्लिशपुरा से कोतवाली चौराहा पर पहुंची और वहां पहुंचकर पुतला दहन किया गया इस विरोध में अधिवक्ता अजीत शुक्ला दीपांशु राठौर भविष्य राठौर सुनील राय अलका कुशवाहा श्रीमती प्रेमलता राठौर ज्योति पांडे नूतन राठौर हेमा राठौर ज्योति वर्मा सीमा परिहार उमा पालीवाल सीमा सक्सेना जागृति लोधी पायल महेश्वरी सीमा शर्मा स्नेह लता राठौड़ वर्षा शर्मा बड़ी संख्या में महिला शक्ति ने उपस्थित होकर अपना विरोध दर्ज कराया

## आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा छात्रो के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन

सीहोर (निप्र)। आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा 3 से 11 तक के छात्रो के लिए तीन दिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया। आपकी दुनिया आपके आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की हिम्मत करने वाले हर कदम के साथ विस्तृत होगी इसी उद्देश के साथ स्कूल द्वारा छात्रो के लिए सीहोर क्षेत्र में पहली बार एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया।

आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर में 7 से 9 जनवरी तक आयोजित एडवेंचर कैंप में आईईएस के छात्रों ने कुछ अद्भुत पल बिताए जिसमे आईईएस के 400 से अधिक छात्रों ने उन गतिविधियों में भाग लिया, जिन्होंने उनकी क्षमता का परीक्षण किया और उन्हें अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने रैपलिंग, ज़िप लाइन, लैंड ज़ोरब, वॉटर ज़ोरब, बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट और तीरंदाजी का आनंद लिया क्योंकि उन्होंने हम कर सकते हैं, हम करेंगे की प्रतिज्ञा के साथ चुनौतियों का सामना किया।प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कवाथेकर, डायरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर ने एडवेंचर कैंप के सभी प्रतिभागियो के प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही छात्रो एवं उनके अभिवावकों को को आश्वासन दिया कि आईईएस स्कूल सकारात्मक दिशा में युवा ऊर्जा को प्रसारित करने के लिए ऐसी अनूठी पहल करता रहेगा।

# पीएम श्री कॉलेज में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित

## 126 युवाओं को मिली नौकरी



सीहोर (निप्र)। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर), आई.टी.आई. सीहोर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेटिंसशिप मेला आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नावड़ी बाई ने इस मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस मेले में जिलेभर से बड़ी संख्या में युवक युवतियाँ शामिल हुए। इस रोजगार मेले में कुल 435 आवेदकों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया, जिसमें 14 कम्पनियों के द्वारा 126 आवेदकों को लेटर ऑफ इंटेंट पद्रान किए गए। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को 59 लाख 64 हजार ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। रोजगार मेला में जिला उद्योग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे, एलडीएम अरुण शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**युवाओं के चेहरे पर दिखाई दी रोजगार की खुशी**

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में आयोजित युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा 126 पदों पर युवाओं का चयन किया गया। इस मेले में सीहोर निवासी दीपक भारती को रोजगार मिला है। दीपक कहते हैं कि उनका सिलेक्शन व्हीपी इंटरप्राइजेज कंपनी में हुआ है। दीपक कहते हैं कि सरकार ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से हम जैसे युवाओं के लिए सुलभता से रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। यह रोजगार मेले हमारे लिए बहुत सहायक है। इसी प्रकार रोजगार मेले में सीहोर निवासी सुश्री अंजली सेन को भी रोजगार मिला है। अंजली कहतीं हैं कि मैं पिछले कई समय से अपने लिए रोजगार ढूंढ रही थी, मुझे आज रोजगार मेले में रोजगार मिला है।

## आज खेला जाएगा एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 के सेमीफाइनल मैच

### केकेआर खेरी ने वेदांत और गोल्डन फाइटर ने सुपर हिटर को हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। शुक्रवार को दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सुपर हिटर और गोल्डन फाइटर के मध्य खेला गया। इसमें गोल्डन फाइटर ने जीत हासिल की। इसके अलावा दूसरे मैच में केकेआर खेरी ने आठ विकेट से वेदांत को हराया।

शुक्रवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर हिटर ने 18 ओवर में दस विकेट खोकर 91 रन बनाए थे। इसमें सौरभ यादव ने 19 रन, शिवम चौबे ने 13 रन बनाए थे। इधर गोल्डन फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अस्मान अली-शिखर नवल ने 3-3 विकेट, नितेश-कपिल ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन फाइटर की टीम 12.3 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल की। इसमें अभिषेक ने 24 रन, नितेश ने 11 रन, मुद्दशर आलम ने 20 रन और शिखर ने 14 रन की पारी खेली। वहीं सुपर हिटर की ओर से अमन, अंकित और अमेत ने 1-1 विकेट हासिल किया।इसके अलावा एक अन्य मुकाबला केकेआर खेरी और वेदांत के मध्य खेला गया था। जिसमें केकेआर खेरी ने आठ विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में वेदांत ने 18 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर खेरी ने रोमांचक मैच में जीत हासिल की। इसमें नीरज मेहरा ने 53 रन और नीरज मांझी ने 54 रन बनाए। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैचों का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/94/ खनिज/उ.प./2024, सीहोर, दिनाँक 06/01/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक 1. दीपक यादव, आ. श्री किसनलाल यादव, निवासी यादव मोहल्ला, कस्बा सीहोर** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक-35230 दिनांक 10.12.2024 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | जावर | झिलेला | 635/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 4.772 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 4.772 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/21382/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com